तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 30 मार्च 2025



तेज धूप से बचने पेड़ की छांव में आराम करते लोग।



# प्रधानमंत्री 33 हजार 700 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास, लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार की दोपहर 3:15 बजे रायपुर से मोहभट्ठा पहुंचेगें। यहां वे 1 घंटे रहेंगे। इस दौरान श्री मोदी आमसभा को संबोधित करेंगे व 33 हजार 700 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा की तैयारी के संबंध में सभा स्थल मोहभट्ठा में कार्यक्रम के प्रभारी उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला भी उपस्थित रहे। स्त्री साव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास परब में मुख्य अतिथि के रूप में 33 हजार 700 करोड़ रुपए से अधिक के कई विकास परियोजनाओं आधारशिला, उद्घाटन, संचालन राज्य, राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम है, पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर उत्साह है। सभा में करीब 2 लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है उसके अनुसार तैयारी की गई है। 55 एकड़ के मैदान में सभा के लिए पांच डोम तैयार किए गए हैं। 6 एकड़ में 9 जगहों पर अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल को 75 सेक्टरों में बांटा गया है और बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल यूनिट की भी व्यवस्था सहित पेयजल आदि की व्यवस्था की गई है।

प्रधानमंत्री देशभर में बिजली क्षेत्र में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अनुरूप, सस्ती और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने और छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे। वे बिलासपुर जिले में स्थित एनटीपीसी की सीपत सुपर थर्मल पावर परियोजना चरण-तीन (1x800 मेगावाट) की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 9,790 करोड़ रुपये से अधिक है। यह पिट हेड परियोजना उच्च बिजली उत्पादन दक्षता के साथ अत्याधुनिक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित है।

वे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) की 15,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पहली सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना (2X660 मेगावाट) के कार्य की शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना (डब्ल्यूआरईएस) के तहत 560 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पावरग्रिड की तीन विद्युत पारेषण परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।






## पीएम दोपहर 3:15 बजे पहुंचेंगे मोहभट्ठा

30 मार्च रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में आमसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर 1.45 बजे नागपुर एयरपोर्ट से रवाना होकर 2.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां वे दोपहर 2.35 बजे एमआई-17 हेलीकाप्टर पर सवार होकर 3.15 बजे तक मोहभट्ठा हेलीपेड पहुंचेंगे। दोपहर 3.20 बजे हेलीपेड से सड़क मार्ग होते हुए दोपहर 3.25 बजे मोहभट्ठा मैदान पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। शाम 4.35 बजे वे सड़क मार्ग से 4.40 बजे मोहभट्ठा हेलीपेड पहुंचेंगे। यहां से वे 4.45 बजे एमआई-17 हेलीकाप्टर में सवार होकर 5.25 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे 5.30 बजे रायपुर एयरपोर्ट से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री 7.25 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

## सात रेल परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला

पीएम मोदी क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 108 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली सात रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इसी तरह 2,690 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 111 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे मंदिर हसौद के माध्यम से अभनपुर-रायपुर खंड में मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ में भारतीय रेलवे के रेल नेटवर्क के 100 प्रतिशत विद्युतीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये परियोजनाएं भीड़भाड़ को कम करेंगी, कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी और पूरे क्षेत्र में सामाजिक तथा आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी।

## गैस वितरण परियोजना की रखेंगे आधारशिला

प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत के शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों, वायु प्रदूषण में कमी लाने और स्वच्छ ऊर्जा समाधान प्रदान करने के अनुरूप, प्रधानमंत्री कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की सिटी गैस वितरण परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसमें 200 किलोमीटर से अधिक हाई प्रेशर पाइपलाइन और 800 किलोमीटर से अधिक एमडीपीई (मीडियम डेंसिटी पॉलीइथिलीन) पाइपलाइन और 1,285 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई सीएनजी डिस्पेंसिंग आउटलेट शामिल हैं। वह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 540 किलोमीटर लंबी विशाख-रायपुर पाइप लाइन परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत 2210 करोड़ रुपये से अधिक होगी।

## नेशनल हाईवे राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़ में सड़क के बुनियादी ढांचे को बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री एनएच-930 (37 किलोमीटर) के झलमला से शेरपार खंड और एनएच-43 (75 किलोमीटर) के अंबिकापुर-पत्थलगांव खंड को 2 लेन में अपग्रेड करके राष्ट्र को समर्पित करेंगे। पीएम एनएच-130डी (47.5 किमी) के कोंडागांव-नारायणपुर खंड को 2 लेन में अपग्रेड करने की आधारशिला भी रखेंगे। 1,270 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली ये परियोजनाएं आदिवासी व औद्योगिक क्षेत्रों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार लाएगी, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

## तीन लाख का गृहप्रवेश

ग्रामीण परिवारों के लिए उचित आवास तक पहुंच सुनिश्चित करने और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करने की प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 3 लाख लाभार्थियों का गृह प्रवेश होगा। कार्यक्रम दौरान प्रधानमंत्री इस योजना के तहत कुछ लाभार्थियों को चाबियां सौंपेंगे।

## शिक्षा के क्षेत्र में ये काम

सभी के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री दो प्रमुख शैक्षिक पहलों को समर्पित करेंगे जिनमें राज्य के 29 जिलों में 130 पीएम श्री स्कूल और रायपुर में विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) शामिल हैं। पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया योजना के तहत 130 स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा। ये स्कूल अच्छी तरह से संरचित बुनियादी ढांचे, स्मार्ट बोर्ड, आधुनिक प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में मदद करेंगे। रायपुर में वीएसके विभिन्न शिक्षा संबंधी सरकारी योजनाओं की ऑनलाइन निगरानी और डेटा विश्लेषण को सक्षम करेगा।

# 24 घंटे के भीतर 78 बिजली उपभोक्ताओं के कटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओ को सबक सिखाया गया है। दो दिन में विभाग की कार्रवाई के बाद 78 उपभोक्ताओं के मीटर कनेक्शन काटे गए हैं।

■ बिजली अधिकारियों ने दी घर-घर दस्तक

बिजली विभाग ने करोड़ों रूपए की बिजली बिल की वसूली तेज कर दी है, दो दिनों के भीतर विभाग के अधिकारियों ने 576 घर व दुकानों में दस्तक दी है और वसूली के लिए नोटिस दिया है। इस दौरान विभाग को 32 लाख रूपए की वसूली हुई है, वहीं 78 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट लिए गए हैं। इन उपभोक्ताओं से विभाग को 22 लाख रूपए की वसूली नहीं हो सकी है। शनिवार को गोल बाजार में 7 लाख34 हजार की वसूली की गई। सरकंडा में 37 उपभोक्ताओं से 6 लाख 42 हजार रूपए की मिले हैं। तोरवा जोन में महज 11 उपभोक्ताओं से 95 हजार की वसूली ही की जा सकी है। इसी प्रकार शुक्रवार को भी विभाग ने नेहरू नगर 5 लाख 61 हजार, गोलबाजार में 6 लाख 70 हजार रूपए की वसूली की थी। लिंकरोड जोन में 4 टीम लगाई गई थी, जिसमें 64 उपभोक्ताओं से 6 लाख 7 हजार की वसूली बिजली अधिकारियों ने की है। बताया जा रहा है कि बिजली विभाग आगामी दिनों में वसूली का अभियान जारी रखेगा, इस दौरान अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की सहूलियत को देखते हुए डिस्कनेक्शन के बाद भुगतान प्राप्त होने पर तत्काल लाइन जोड़ने के आदेश दिए हैं।

# 2 अप्रैल से नया रोस्टर, चार डिवीजन और 16 सिंगल बेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



हाईकोर्ट में 2 अप्रैल से नए रोस्टर से सुनवाई होगी। अब 4 डिवीजन बेंच और 16 सिंगल बेंच अलग-अलग मामलों की सुनवाई की जाएगी। नए रोस्टर के अनुसार पहली डिवीजन बेंच में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा सभी रिट मामले, पीआईएल, रिट अपील, क्रिमिनल रेफरेंस, हबियस कार्पस आदि की सुनवाई करेंगे। दूसरी डीबी में जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस दीपक कुमार तिवारी, तीसरी डीबी में जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल और चौथी डिवीजन बेंच में जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की बेंच मामलों की सुनवाई करेगी। इसके अलावा सुनवाई के लिए 16 सिंगल बेंच गठित किए गए हैं।



29- MAR-BSP-Pg- 2 FULL PAGE_Layout 1 3/29/2025 11:33 PM Page 1





## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निशुल्क इलाज आज

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 30 मार्च को मरीजों को निशुल्क परामर्श व दवा दी जाएगी। टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ रामकृष्ण कश्यप एवं डॉ राजेश शुक्ला सुबह 10 से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे।

### एसईसीएल के 2 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले 2 कर्मियों को बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में शनिवार को शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित किया गया। साथ ही उनके समस्त भुगतान चेक के माध्यम करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में निदेशक तकनीकी (संचा. सह यो/परि) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, सीवीओ हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्षगण, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में रविन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय वरीय प्रबंधक (माइनिंग) क्यूसी विभाग, मधुसुदन मेनन वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (राजभाषा) ए 1 के सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट किया। उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (राजभाषा) सविता निर्मलकर ने निभाया।

### अंजू बनीं इंडियन कालेज फोरम कार्यकारी समिति की सचिव

**बिलासपुर।** स्थानीय डीपी विप्र महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. श्रीमती अंजू शुक्ला के द्वारा इंडियन कॉलेज फोरम के छत्तीसगढ़ राज्य के पदाधिकारी के लिए निर्वाचन में



नामांकन किया गया था, जिसमें उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कार्यकारी समिति का सचिव निर्वाचित किया गया है। इंडियन कॉलेज फोरम को सन 1992 में सोसायटी फॉर एजुकेशन एण्ड ईकोनॉमिक डेवलपमेंट नई दिल्ली द्वारा स्थापित किया गया है। जिसका उद्देश्य भारत के समस्त महाविद्यालयों को एकजुट करना तथा उनके प्राचार्यों के अनुभव का उपयोग करते हुए विभिन्न नीति निर्धारण हेतु उपयोग में लाना है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रशासन समिति के अध्यक्ष अनुराग शुक्ला, प्रशासन समिति के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार अग्रवाल, डा. मनीष तिवारी, डा. एमएस तंबोली, वरिष्ठ प्राध्यापक डा. एमएल जायसवाल, डा. विवेक अम्बलकर, डा. आशीष शर्मा, प्रो. निधिष चौबे, डा. आभा तिवारी, प्रो. एश्रीराम, डा. विश्वास विक्टर, डा. ऋचा हाण्डा, डा. किरण दुबे, एसआर चन्द्रवंशी, अविनाश सेठी, विकास सिंह ने बधाई एवं शुभकामनांएं प्रेषित की।

### एयू ने जारी किया बीए-बीकाम एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा बीकाम-एलएलबी एवं बीए-एलएलबी पंचम व नवम सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम जारी कर दिया है। राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट के लिए आनलाइन आवेदन 30 मार्च तक मंगाए गए हैं इसलिए यूनिवर्सिटी ने परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के विधि के विद्यार्थियों द्वारा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवेदन करने के लिए विधि के परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की गई थी। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरूणधर दीवान ने कहा कि विद्यार्थी भविष्य निर्माण में अपनी योजना बना सकें और उन्हें बेहतर करने का मौका मिल सके। यूनिवर्सिटी की ओर घोषित बीकाम एलएलबी नवम सेमेस्टर में 91.18 प्रतिशत, बीएएलएलबी नवम सेमेस्टर 95.05 प्रतिशत, बीएएलएलबी नवम सेमेस्टर ओल्ड शतप्रतिशत, बीकाम एलएलबी पंचम सेमेस्टर 70.67 प्रतिशत, बीएएलएलबी पंचम सेमेस्टर ओल्ड 82.81 प्रतिशत तथा बीए एलएलबी पंचम सेमेस्टर 71.43 प्रतिशत रिजल्ट रहा। विधि स्नातक व्यावसायिक के अंतिम वर्ष, अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित हो चुके या सम्मिलित हो रहे आवेदक भी आवेदन करने के लिए पात्र है।

### छत्तीसगढ़ की टीम ने विदर्भ को 58 अंकों से हराया



**बिलासपुर।** 34 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशीप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विदर्भ को 58 अंकों से परास्त किया है। प्रतियोगिता का आयोजन बिहार के गया जिला में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट नियम से खेला जा रहा है। गया में चल रहे 34 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशीप बालक व बालिका 2025 में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने पूल में जीत हासिल कर प्री क्वाटर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। बालिका वर्ग का मुकाबला मध्यप्रदेश व बालक वर्ग का मुकाबला पंजाब के साथ हुआ। छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने अपने पूल के पहले मैच मे विदर्भ को एकतरफा मुकाबले मे 65-07 के मुकाबले 58 अंकों से हराया है। वहीं दूसरे मैच में झारखण्ड को हराकर पूल विनर रहे। बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ ने ओड़िसा को 60-22 के मुकाबले 48 अंकों से हराया। दूसरे मैच में तेलांगना और तीसरे लीग मैच में वेस्ट बंगाल को हराकर प्री क्वाटर फाइनल में पहुंची है।

### सूर्यवंशी, मोहले, माली की जीत पर सतनामी समाज में हर्ष

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय सतनामी समाज के प्रमुख राजमहंत पंडित उमादत्त घिलहरे ने पुष्पलता पदमनी मोहले उपाध्यक्ष, राजेश सूर्यवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष व भारती माली के जिला पंचायत सदस्य की शानदार जीत एवं कार्यभार ग्रहण करने पर हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही सतनामी समाज के लोगों में खुशी लहर व्याप्त है। इस अवसर पर सतनामी समाज के पदाधिकारी जगदीश लहरे, मोतीलाल कोसले, सत्येन्द्र (टेम खांडे), प्रीती खांडे, पुष्पा कुर्रे, शिव कुमार सोनवानी, लक्ष्मी खांडे सरपंच, संता लहरे पूर्व सरपंच, रति बंजारे, मंजू खांडे, उमेन्द्र टंडन, शशी बघेल, जनक कोसले, सुनील लहरे आदि ने खुशी जाहिर की है।

---

**4 माह में सड़क बनकर होगी तैयार** | 10 करोड़ की लागत से बनाई जा रही है सड़क, मरीजों को मिलेगी सुविधा

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से जुड़ेगा कैंसर अस्पताल, सड़क निर्माण शुरू

**बिलासपुर।** कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल मरीजों को न्यूरो, कार्डियो व यूरोलाजी जैसे उपचार उपलब्ध करा रहा है। करीब 8 माह बाद अब कैंसर अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के बीच 10 करोड़ की लागत से 800 मीटर सड़क बनाई जा रही है, इस सड़क से दोनों अस्पतालों को जोड़ा जा रहा है। भविष्य में मरीजों की सहूलियत को देखते हुए निर्माण भी शुरू करा दिया गया है।

कैंसर अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल एक ही सड़क के माध्यम से जुड़ सकेंगें। दोनों ही अस्पताल नजदीक है लेकिन अस्पताल के एंट्रेस अलग-अलग थे, जिससे अब एक सड़क पर जोड़ा जा रहा है। सीजीएमएससी द्वारा इसके लिए निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। विभाग ने रिवाइज टेंडर द्वारा सड़क की स्वीकृति ली है और 10 करोड़ रूपए का ठेका दे दिया है। निर्माण में करीब 6 माह का समय लग सकता है लेकिन अधिकारियों



के अनुसार बारिश के पहले सड़क का बड़ा हिस्सा बनाया लिया जाएगा, ताकि बारिश के दिनों में दोनों अस्पतालों के बीच आवागमन संभव हो सके। फिलहाल काम तेजी से कराया जा रहा है।

### लेवल अलग-अलग, इसलिए लागत बढ़ी

खास बात यह है कि दोनों अस्पताल के बीच सड़क की ऊंचाई अलग-अलग है, ऐसे में सीजीएमएससी ने करीब 8 फीट गड्ढा कर सड़क निर्माण कर रही है, जिसके चलते जमीन को खोदा जा रहा है। इससे दोनों अस्पतालों के बीच सड़क का लेवल एक सा होगा। विभाग ने निर्माण कार्य शुरू कराया उस दौरान सड़क के लेवल का अंदाजा नहीं लगाया गया था, लेकिन निर्माण शुरू होने के बाद तकनीकी तौर पर लेवल एक कर सड़क बनाई जा रही है।

### स्वीकृति लेकर कराया जा रहा है काम

सड़क निर्माण का काम शुरू करा दिया गया है, दोनों अस्पताल के बीच सड़क सेतु का काम करेगी। यह कैंसर अस्पताल के टेंडर में शामिल नहीं था, हाल ही में स्वीकृति लेकर काम कराया जा रहा है।

-**अमोल कंवारकर**, एसडीओ, सीजीएमएससी

---

शहर सहित बाहर से आए कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

# बिलासा महोत्सव में मिलता है लोक संस्कृति का जीवंत दर्शन : अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ी संस्कृति हमारी पहचान है। लोक संस्कृति का जीवंत दर्शन बिलासा महोत्सव में देखने को मिलता है। जहां लोक गीत-संगीत की सौंधी महक बिखरती है।

ये बातें लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित 35 वें बिलासा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर नगर विधायक अमर अग्रवाल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि इस भव्य आयोजन से न्यायधानी गौरवान्वित होता है। विशिष्ट अतिथि सभापति नगर निगम विनोद सोनी ने कहा कि वे स्थानीय कलाकारों और इस मंच की उन्नति के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में बिलासा साहित्य सम्मान से गुलाल वर्मा रायपुर, बिलासा कला सम्मान से भोजराम पटेल तखतपुर व सुश्री प्रभा कटारे रायपुर, बिलासा सेवा सम्मान से नीरज गेमनानी शांता फाउंडेशन को नवाजा गया। डा. सोमनाथ यादव ने बताया कि लोक संस्कृति हमारी जीवन शैली को लेकर बिलासा कला मंच की टीम हरेली तिहार, अरपा बचाओ अभियान, शारदोत्सव, मूर्खाधिराज अभिषेक, एक दिवसीय ग्रामीण शिविर आदि आयोजनों से जनता को लोक संस्कृति से परिचय कराती है। कार्यक्रम महेश श्रीवास, सुनीता मिश्रा व महेंद्र ध्रुव, चंद्रप्रकाश देवरस, डा. चंद्रप्रकाश बाजपेयी, डा.अजय पाठक, डा.भगवती प्रसाद चंद्रा, डा. सोमनाथ मुखर्जी, केवलकृष्ण पाठक, डा. विनोद वर्मा, डा.जीडी पटेल, राजेंद्र मौर्य, सतीश पांडेय, डा. सुधाकर बिबे, रामेश्वर गुप्ता, यश मिश्रा, दिनेश्वर राव जाधव, अश्विनी पांडेय, देवानंद दुबे, मनीष गुप्ता, विनोद गुप्ता, अनूप श्रीवास, महेश भार्गव, नरेंद्र कौशिक, अनिल व्यास, महेंद्र गुप्ता, महेंद्र साहू, ओमशंकर लिबर्टी, मनोहरदास मानिकपुरी, सतीश ठाकुर आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

---

# ओपन विवि न केवल ज्ञान का, बल्कि नवाचार अनुसंधान और समावेशी शिक्षा का प्रतीकः कावरे

**विश्वविद्यालय में मनाया गया 21 वां स्थापना दिवस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं. सुंदर लाल शर्मा (मुक्त) विवि छत्तीसगढ़ में 29 मार्च को 21 वें स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कुलपति महादेव कावरे एवं कुलसचिव भुवन सिंह राज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कुलसचिव भुवन सिंह राज ने पण्डित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विवि के 21 साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्वविद्यालय एक छोटे से कमरे से प्रारंभ होकर आज भव्य स्वरूप को प्राप्त किया हैं और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में एक मात्र हमारे विश्वविद्यालय ने ही नैक से ग्रेड ए प्लस प्राप्त किया हैं। विवि में 7 क्षेत्रीय केन्द्र, 138 अध्ययन केन्द्र है जहां 21 पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का ध्येय वाक्य शिक्षा आपके द्वार के उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रहा हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत 29 हजार छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। यह विवि हरे-भरे 70 एकड़ में फैला हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति श्री कावरे ने विश्वविद्यालय का भविष्य बहुत उज्जवल है साथ ही बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और छत्तीसगढ़ शासन हर सम्भव प्रयास करेगा।

21 वर्षो की इस यात्रा में विश्वविद्यालय ने लाखों छात्रों को उच्च शिक्षा का अवसर दिया है। मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से यह संस्थान उन लोगों तक शिक्षा पहुंचाने में सफल रहा है, जो किसी कारणवश नियमित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते थे।

यह विवि न केवल ज्ञान का केंद्र बना, बल्कि नवाचार, अनुसंधान और समावेशी शिक्षा का प्रतीक भी बना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को वर्तमान में ए प्लस ग्रेड प्राप्त है। भविष्य में ए प्लस से ए प्लस प्लस की श्रेणी को प्राप्त कर सकें। आभार डॉ. बीना सिंह व कार्यक्रम का संचालन डॉ. हीरालाल शर्मा ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति श्री कावरे व अन्य अतिथि।

---

# कार्यक्रम में बांटी सौगात-ए-मोदी



**बिलासपुर।** स्व. लखीराम आडिटोरियम में सौगात ए मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से मुस्लिम भाई-बहनों को किट प्रदान किया गया। जिससे अल्संख्यक समाज के लोग ईद का त्योहार अच्छे से मना सके। किट में एक सलवार सूट का कपड़ा, सेवई, ड्राई फ्रूट व राशन दिया गया।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद मकबूल अली ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप किया गया है। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि मोदी का सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम आपसी भाई चारे का प्रतीक है तथा समाज को एक साथ मिलजुल कर त्योहार मनाने का संदेश देता है। इस अवसर पर नगर निगम सभापति विनोद सोनी, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष ग्रामीण मोहित जयसवाल, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, पूर्व एल्डरमेन प्रवीण दुबे, महामंत्री नवीन मसीह, हनीफ खान, जावेद खान, डा. सबा सम्स, निशा बाजी, हाजी जुबेर, राजू सिंह क्षत्री, इम्तियाज खान, अब्दुल खान, सिकंदर खान, एजाज अशरफ़ी, हफीज मोहम्मद, नाजीम खान, शानुल खान, शाहिल खान, वसी खान, शाहिद रजा, युसूफ खान, सराफत, भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक कार्यकर्ता एवं मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे। मंच संचालन का कार्य युसूफ रजा बरकती ने किया।

# गेड़ी नृत्य से होगा पीएम का स्वागत



**बिलासपुर।** लोक श्रृंगार भारती संस्था के 20 कलाकार गेड़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करेंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति मंत्रालय ने लोक श्रृंगार भारती संस्था को आमंत्रण दिया है। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ की पुरातन लोक संस्कृति जो आदिकाल से भी अधिक पुरानी है, जिसमें गेड़ी लोक नृत्य भी शामिल है।

ज्ञातव्य हो कि 144 साल में एक बार होने वाले प्रयागराज महाकुंभ का समापन गेड़ी लोक नृत्य के प्रदर्शन से संपन्न हुआ था तथा अंतर्राष्ट्रीय चैनल डिस्कवरी चैनल ने ढाई घंटे का गेड़ी नृत्य पर फिल्म बनाकर पूरे विश्व में प्रदर्शित कर अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। प्रधानमंत्री के स्वागत गेड़ी लोक नृत्य गीत का गायन अनिल कुमार गढ़ेवाल व उनकी टीम द्वारा किया जाएगा। मालूम हो कि गेड़ी लोक नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य की पुरातन लोक संस्कृति में से एक है, जिसे हमारे राज्य में हरेली पर्व की उपलक्ष्य में किया जाता रहा है। यह नृत्य पूर्णत पुरुष प्रधान है और इसमें पारंपरिक वाद्य यंत्र, वेशभूषा, गीत शैली एवं नृत्य किया जाता है। इसमें आधुनिकता का एक अंश भी नजर नहीं आता। छत्तीसगढ़ राज्य के विद्वानों एवं छग राज्य के पूर्वजों की ऐसी मान्यता रही है कि गेड़ी लोक नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य में आदिकाल से भी अधिक पुराना है। जिसे लोग श्रृंगार भारती के कलाकारों ने फिर से पुनर्जीवित किया है।

### प्रधानमंत्री के आगमन पर सतनामी समाज ने जताई प्रसन्नता

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मोहभट्ठा आगमन पर सतनामी समाज के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त हैं। अखिल भारतीय सतनामी समाज के प्रमुख राजमहंत पंडित उमादत्त घिलहरे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अनेक परियोजनाओं का भूमि पूजन व उद्घाटन करेंगे, जिससे बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ की जनता लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सतनामी समाज के पदाधिकारी जगदीश लहरे, मोतीलाल कोसले, सत्येन्द्र (टेम खांडे), प्रीती खांडे, पुष्पा कुर्रे, शिव कुमार, सोनवानी, राजेन्द्र खांडे, राजकुमार खांडे, पाचो बाई घृतलहरे, उमा शंकर घृतलहरे, चंद्रवती, चंद्रप्रभा आदि ने नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर आगमन पर खुशी जाहिर की है।



हरिभूमि रविवार भारती
haribhoomi.com
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
रविवार 30 मार्च 2025




कल्पना कीजिए अगर हम हंसें नहीं, कोई हमें हंसाए नहीं तो जीवन में कितनी बोझिलता, नीरसता आ जाएगी! इस नीरसता को दूर करने के लिए हजारों साल से जोक्स सुनने और सुनाने की परंपरा बरकरार है। आज के दौर में इसकी महत्ता और बढ़ गई है। अप्रैल फूल हमें अपनों के साथ ऐसे ही जोकिंग का अवसर देता है, जिसे हमें बिल्कुल मिस नहीं करना चाहिए।

कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

# सुनिए-सुनाइए जोक्स
# लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

***डॉक्टरः*** *चिंता मत करो, यह छोटी सी सर्जरी है, घबराने की कोई बात नहीं!*
***मरीजः*** *लेकिन डॉक्टर, मैं तो ऑपरेशन के लिए नहीं आया था!*
***डॉक्टरः*** *अरे हां, सॉरी! मुझे आदत हो गई है ऐसा कहने की..!*

यह जोक सरप्राइज एलिमेंट (अचानक ट्विस्ट) पर आधारित है, जो दिमाग को एक पल में चौंकाकर हंसा देता है। ऐसा होते ही अचानक पैदा हुआ तनाव गायब हो जाता है, जिससे मूड हल्का और फ्रेश महसूस होता है। कुछ सेकेंड्स का एक जोक या चुटकुला हमें पलभर में तरोताजा कर देता है, क्योंकि जोक्स का प्रभाव हमारे दिमाग और शरीर दोनों पर पड़ता है। जब हम हंसते हैं, तो हमारा मस्तिष्क एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) छोड़ता है, जिससे तनाव कम होता है और हम रिलैक्स महसूस करते हैं। इसके अलावा, हंसी से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, मांसपेशियों में आराम आता है और मूड फ्रेश हो जाता है। शायद इसी की महत्ता को समझते हुए अप्रैल फूल-डे जैसे आयोजनों की शुरुआत हुई।

**हजारों साल पुरानी परंपराः** दुनिया में जोक्स और हास्य की परंपरा उतनी ही पुरानी है, जितना पुराना खुद इंसान है, इंसानी सभ्यता है। सबसे पुराने दर्ज जोक्स लगभग 4000 साल पुराने हैं। दुनिया के सबसे पुराने दर्ज जोक्स प्राचीन मेसोपोटामिया (1900 ईसा पूर्व) के हैं। प्राचीन मिस्र (1600 ईसा पूर्व) की सभ्यता में फिरौन के दरबारों में भी जोक्स सुनाए जाते थे। एक मशहूर चुटकुला इस तरह है- 'एक फिरौन अपनी नाव में यात्रा कर रहा था। एक भविष्यवक्ता ने कहा कि वह बहुत लंबी उम्र जिएगा। फिरौन ने पूछा-क्या मैं 100 साल जिऊंगा? भविष्यवक्ता बोला-हां। फिरौन ने पूछा-क्या मैं 200 साल जिऊंगा? भविष्यवक्ता बोला-बिल्कुल! फिरौन खुश हुआ और कहा-तो मैं अमर हूं! भविष्यवक्ता ने कहा-नहीं, लेकिन जब तक तुम मुझसे सवाल पूछते रहोगे, तब तक मैं हां कहता रहूंगा!'

वास्तव में यह राजाओं की चापलूसी और भविष्यवाणियों का मजाक उड़ाने का तरीका था। ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू ने भी हास्य को जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में देखा है। प्राचीन एथेंस में एक जोकर क्लब था, जिसके दर्जनों जोक्स आज भी मिलते हैं, मसलन- 'एक आदमी डॉक्टर के पास गया और कहा- जब मैं आंखें खोलता हूं, तो मुझे कुछ नहीं दिखता! डॉक्टर बोला- तो आंखें बंद करके देखो!'

**भारतीय इतिहास में भी है जिक्रः** मिस्र और एथेंस की तरह प्राचीन भारत में भी संस्कृत साहित्य (नाट्यशास्त्र, पंचतंत्र, हितोपदेश, विदूषक पात्र) में हास्य व्यंग्य का भरपूर जिक्र मिलता है। पंचतंत्र की कहानियों में चतुराई भरे जोक्स और व्यंग्य हैं। भारतीय इतिहास में राजाओं के दरबारों में विद्वान विदूषकों जैसे तेनालीराम और बीरबल की भी मौजूदगी रही है, जो अपने बुद्धि-कौशल से सिर्फ दरबार का माहौल ही बोझिल होने से नहीं बचाते थे बल्कि हतप्रभ करने वाली चतुराई भरी बातें करके राजा सहित दरबारियों को हैरान कर देते थे, जिससे सभी तरोताजा महसूस करते थे।

**नए दौर में जोक्स का जलवाः** जोक्स का आधुनिक और व्यापक दौर 18वीं-19वीं शताब्दी में अखबारों और किताबों में जोक्स छपने से शुरू हुआ। बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध तक रेडियो, टीवी के कॉमेडी शो और स्टैंड-अप कॉमेडी से जोक्स हर जगह और अधिकतर लोगों तक पहुंचने लगे। इस 21वीं शताब्दी में इंटरनेट, सोशल मीडिया और मीम्स के रूप में जोक्स का जलवा हम सब देखते हैं। वास्तव में जोक्स का सबसे तेज और वैरायटी से भरा विकास इसी दौर में हो रहा है।

**इसलिए जरूरी हैं जोक्सः** सवाल है हर सभ्यता में, हर दौर में यानी जीवन में हमेशा जोक्स क्यों जरूरी माने जाते रहे हैं? जवाब है- जोक्स केवल हंसाने भर के लिए नहीं होते, बल्कि ये मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संबंध और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये हमारे तनाव को कम करते हैं, हमें हंसाते हैं और हंसने से शरीर में एंडोर्फिन (खुशी के हार्मोन) का स्तर बढ़ता है, जो तनाव और दर्द दोनों को गायब करने में मदद करता है। चुटकुलों या जोक्स से इंसान को मनोवैज्ञानिक सुरक्षा मिलती है, क्योंकि कठिन परिस्थितियों में हास्य एक सुरक्षातंत्र की तरह काम करता है, जिससे व्यक्ति समस्याओं को हल्के-फुल्के तरीके से देख पाता है। साथ ही जोक्स हमें सामाजिक रूप से लोगों के साथ जोड़ता है। जोक्स साझा करने से लोगों के बीच नजदीकी बढ़ती है और यह सोशल बॉन्डिंग को मजबूत करता है। साथ ही जोक्स से हमारी क्रिएटिविटी बढ़ती है। हास्य हमें चीजों को नए नजरिए से देखने और समस्याओं का हल अनोखे तरीके से निकालने में मदद करता है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि आधुनिक तनाव भरी जीवनशैली में जोक्स और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं, क्योंकि आज अधिकांश लोग काम के दबाव, सोशल मीडिया, आर्थिक चिंताओं और रिश्तों की उलझनों से घिरे रहते हैं। ऐसे में हास्य और जोक्स बेहद जरूरी हो गए हैं। *

## जोक्स सुनाने वाले होते हैं ज्यादा स्मार्ट

**ऐसा देखा** गया है कि सामान्य तौर पर, अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर किसी व्यक्ति की बुद्धिमत्ता (आईक्यू) और भावनात्मक समझ (ईक्यू) दोनों के बेहतर होने का सबूत होता है। क्योंकि जोक्स बनाने और सुनाने के लिए तेज दिमाग और सोचने की त्वरित क्षमता यानी 'क्विक विट' की जरूरत होती है। यही नहीं मजेदार लोग आमतौर पर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स और लोगों को बेहतर पढ़ने और समझने की क्षमता रखते हैं। ऐसे लोग चीजों को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखने में सक्षम होते हैं, जिससे वे मुश्किल परिस्थितियों से आसानी से निपट लेते हैं। इसलिए, जोक्स और हास्य में रुचि रखने वाले लोग अकसर ज्यादा स्मार्ट होते हैं। कई शोधों में पाया गया है कि महिलाएं मजाकिया और हंसाने वाले पुरुषों की तरफ अधिक आकर्षित होती हैं। जो लोग मजाकिया होते हैं, वे आमतौर पर आत्मविश्वासी होते हैं और पुरुषों का आत्मविश्वास महिलाओं को हमेशा आकर्षित करता है। मजाकिया लोग अकसर दूसरों के साथ घुल-मिल भी बहुत जल्दी जाते हैं, जिससे वे ज्यादा सामाजिक दिखते हैं।



अप्रैल फूल-डे स्पेशल

अप्रैल फूल डे यानी मूर्ख दिवस आज भले ही दुनिया भर में लोग मनाते हैं। लेकिन इसकी शुरुआत को लेकर अनेक तरह की मान्यताएं और किंवदंतियां प्रचलित हैं। अप्रैल फूल डे के इतिहास और इससे जुड़े तथ्यों पर एक नजर।

# दिलचस्प-विविधतापूर्ण
# अप्रैल फूल का इतिहास



परंपरा
अंजू जैन

अप्रैल फूल के दिन यानी पहली अप्रैल को झूठी बातों से मूर्ख बनाने या मजाक करने का सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। हालांकि इस दिवस की वास्तविक शुरुआत अज्ञात है, लेकिन इसकी शुरुआत को लेकर तरह-तरह के दिलचस्प और रहस्यमय किस्से प्रचलित हैं।

### हास्य कथा से शुरुआत

अप्रैल फूल से जुड़ी एक मान्यता है कि इसकी शुरुआत 16वीं शताब्दी में फ्रांस में हुई थी। अप्रैल फूल दिवस पर सबसे पहला प्रैंक 1 अप्रैल 1698 को खेला गया था। यह मजाक लंदन के एक समाचार पत्र में प्रकाशित हास्य खबर थी। इसमें मजाकिया अंदाज में लिखा गया था कि दिन के समय चंद्रमा पृथ्वी से दिखाई दिया था।

### मध्यकाल के हिलारिया से शुरुआत

कुछ इतिहासकारों ने अप्रैल फूल डे को प्राचीन रोमन उत्सव हिलारिया से जोड़ा है। देवताओं की माता साइबेले के सम्मान में 25 मार्च को मनाया जाने वाला यह उत्सव लोगों को भेष बदलने के लिए प्रेरित करता था। यह खेल और शरारतों का दिन माना जाता था। लोग तरह-तरह की अनूठी वेशभूषा पहन कर एक-दूसरे के साथ मजाक करते थे। वर्ष का पहला दिन यानी उत्सव का दिन, जो रात से अधिक लंबा था और इसे एक नए, बेहतर मौसम और उदास सर्दियों के अंत का जश्न मनाने में बिताया गया था। हिलारिया के दौरान कई प्रकार के खेल और मस्ती मनोरंजन किए जाते थे। इसमें छद्म वेश धारण कर लोग अपनी पसंद के किसी भी व्यक्ति की नकल करते थे।

### कैलेंडर बदलाव के साथ शुरुआत

एक लोकप्रिय मान्यता यह है कि इसकी शुरुआत 1582 में हुई। उस समय फ्रांस ने जूलियन से बदल कर





ग्रेगोरियन कैलेंडर शुरू किया था। इस बदलाव से पहले, लोग अप्रैल में नया साल मनाते थे। जब तारीख 1 जनवरी को बदल दी गई, तो भी अज्ञानतावश कुछ लोगों ने इसे मार्च के अंत में मनाना जारी रखा और मजाक का पात्र बन गए और उन्हें 'अप्रैल फूल' कहा गया। *

## कुछ दिलचस्प तथ्य-मान्यताएं




कवि जेफ्री चौसर

**मूर्ख दिवस** की शुरुआत को लेकर कुछ और मान्यताएं भी प्रचलित हैं।

- ईरान में अप्रैल फूल दिवस, फारसी नववर्ष के 13वें दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर 1 अप्रैल के आस-पास होता है।
- अमेरिकी कार्टूनिस्ट चार्ल्स शुल्ज द्वारा बनाई गई प्रसिद्ध कॉमिक स्ट्रिप 'पीनट्स' में अप्रैल फूल नामक एक पात्र था, जो अपने दोस्तों के साथ शरारतें करता था।
- मध्ययुगीन यूरोप में 'मूर्खों का पर्व' मनाया जाता था, जो मजाक का दिन था। वहां लोग एक नकली बिशप या पोप का चुनाव करते थे और मजाक में शामिल होते थे। कुछ हद तक, अप्रैल फूल दिवस को सर्दियों के अंत और वसंत की शुरुआत को चिन्हित करने वाले त्योहारों से जोड़ा जा सकता है।
- इंग्लिश लेखक और कवि जेफ्री चौसर की द कैंटरबरी टेल्स (1392) में 1 अप्रैल और मूर्खता के बीच पहली बार कनेक्शन दर्ज किया गया था। 'द नंस प्रीस्ट्स टेल' नामक कथा में चैंटिकलर का वर्णन है, जो एक घमंडी मुर्गा है, जिसे एक चालाक लोमड़ी द्वारा धोखा दिया जाता है।
- स्कॉटलैंड में अप्रैल फूल दिवस को पारंपरिक रूप से 'हंटिगॉक डे' कहा जाता था, जो 'हंट द गॉक' से निकला है, 'गॉक' शब्द स्कॉटिश भाषा में कोयल या मूर्ख व्यक्ति के लिए इस्तेमाल होता है। यह स्कॉटिश परंपरा दो दिवसीय कार्यक्रम बन गई, जिसमें लोगों को नकली कामों (हंकटिंग द गॉक) पर भेजा जाता था, उसके बाद टेल डे मनाया जाता था, जिसमें लोगों की पीठ पर नकली पूंछ या 'मुझे लात मारो' के चिन्ह लगाने जैसे मजाक करना शामिल था।

एंज्वॉयमेंट
शिखर चंद जैन



अप्रैल फूल डे पर हम सब एक-दूसरे के साथ प्रैंक करते हैं, मजा लेते हैं। यहां आपको कुछ ऐसे प्रैंक्स के बारे में बता रहे हैं, जो मशहूर कंपनियों ने बड़े स्तर पर लोगों से किए।

# अप्रैल फूल के
# मजेदार-अनूठे प्रैंक

पहली अप्रैल को मित्र मंडली में एक-दूसरे से हंसी-मजाक करने और मूर्ख बनाने की परिपाटी दशकों से है। लेकिन इस मजाक मस्ती में बड़ी-बड़ी कंपनियां, सर्च इंजन और सेलिब्रिटीज भी पीछे नहीं हैं। इनमें से कुछ के बारे में आप भी जानिए।

**अमेजन का पेटलेक्साः** वर्ष 2017 में, अमेजन ने एलेक्सा की तर्ज पर पालतू जानवरों के लिए एक वॉयस असिस्टेंट, पेटलेक्सा की घोषणा की। इस मजेदार वीडियो में कुत्तों और बिल्लियों को अमेजन इको डिवाइस के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया था। इसमें पालतू जानवरों के लिए ट्रीट ऑर्डर करना, उनके लिए संगीत बजाना और यहां तक कि उनके भौंकने को मानवीय भाषा में अनुवाद करना भी शामिल था। पालतू जानवरों के मालिक इस नए आईडिया से हैरान हुए लेकिन यह सिर्फ एक मजाक था।

**वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस का डॉग क्रू प्रैंकः** वर्ष 2017 में वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइंस ने अप्रैल फूल के दिन अपने यात्रियों के बीच समाचार फैलाया कि अब उन्हें दुनिया की पहली डॉग इनफ्लाइट क्रू मेंबर टीम मिलेगी। इसमें वे अपने कुत्ते के साथ गलियारे में टहलते हुए, समय बिताने के लिए प्यारे कुत्तों को गले लगाने तक, डॉग क्रू की नई सेवाएं ले सकते हैं। बाद में लोगों को असलियत का पता चला तो उन्हें अपने आप पर खूब हंसी आई।

**गूगल का 'माइक ड्रॉप' ई-मेल बटनः** गूगल ने वर्ष 2016 में अप्रैल फूल बनाने के लिए जी-मेल में 'माइक ड्रॉप' बटन पेश किया, जिससे इसके यूजर माइक्रोफोन गिराने का जीआईएफ वाला ई-मेल भेज सकते थे। दुर्भाग्य से, इससे काफी गड़बड़ियां हो गईं। गलत मैसेज जाने पर कुछ लोगों की तो नौकरियां चली गईं। गूगल को माफी मांगते हुए तुरंत इसे बंद करना पड़ा।



**कांच के बॉटम वाला हवाई जहाजः** एक बार वर्जिन अटलांटिक एयर लाइंस ने अफवाह फैला दी कि इसके पास अब ग्लास-बॉटम वाले यानी पारदर्शी तल वाले विमान भी हैं। उन्होंने 'दुनिया के पहले ग्लास-बॉटम वाले विमान' के समाचारों के साथ सुर्खियां बटोरीं। नए विमान की तस्वीरें खूब प्रसारित की गईं। उनके इस मजाक पर लोगों ने यकीन भी कर लिया।

**टैको लिबर्टी बेलः** वर्ष 1996 से अब तक के सबसे बेहतरीन अप्रैल फूल मजाक में शामिल इस शिगूफे में टैको बेल नामक कंपनी ने अखबारों में विज्ञापन देकर कहा कि उसने ऐतिहासिक और नेशनल आइकन लिबर्टी बेल को खरीद लिया है। यह इतना गंभीर और वास्तविक मजाक था कि कुछ सीनेटर भी इस मजाक में फंस गए। बाद में नेशनल पार्क सर्विस ने इस खबर का खंडन करने के लिए एक प्रेस कांफ्रेंस भी की। दोपहर में, फास्ट-फूड चेन ने मजाक को स्वीकार किया और कहा कि वह इस ऐतिहासिक घंटी की देखभाल के लिए 50,000 डॉलर का दान कर रही है।



**हवाई अड्डे पर कर दिया कंफ्यूजः** वर्ष 1992 में लॉस एंजिल्स हवाई अड्डे पर विमान यात्री ज्यों ही उतरे, वे एक बैनर देखकर चकरा गए कि उन्होंने तो लॉस एंजिल्स की फ्लाइट पकड़ी थी फिर पायलट उन्हें शिकागो कैसे ले आया? इस बैनर पर लिखा था, शिकागो में आपका स्वागत है। यह 85 फीट लंबा पीला बैनर था, जिस पर 20 फीट लंबे लाल अक्षरों में ऐसी घोषणा थी। यह बैनर हॉलीवुड पार्क रेस ट्रैक के ठीक ऊपर लटका हुआ था और आने वाले प्रत्येक यात्री को दिखाई दे रहा था। लेकिन जल्द ही वास्तविक स्थिति सबको बता दी गई।

**बीएमडब्ल्यू की सेल्फ-क्लीनिंग कारः** 2019 में कार कंपनी बीएमडब्ल्यू ने एक वीडियो जारी कर दावा किया कि उन्होंने एक सेल्फ-क्लीनिंग कार विकसित की है। वीडियो में एक कार को ब्रश और पानी के जेट से खुद ही साफ होते हुए दिखाया गया था। वास्तव में यह एक बड़ा प्रैंक था। *



व्यंग्य कविता
हरीश कुमार 'अमित'

## करते रहते घोटाले

करते रहते घोटाले
कितने हिम्मत वाले हैं।
इनके सारे ही 'करतब',
बिल्कुल तवे-से काले हैं।
पुलिस का इनको खौफ नहीं,
नेताजी इनके साले हैं।
यार-दोस्त इनके सारे,
चक्कू-पिस्टल वाले हैं।

एक नहीं, कई दर्जन,
गुर्गे इन्होंने पाले हैं।
इनसे पंगा मत लेना,
नहीं बख्शने वाले हैं।
ब्लैकमनी को कर दें 'व्हाइट',
इनके खेल निराले हैं।
ये छोटे पैग दूर हटाओ,
ये पीते पटियाले हैं।

स्मरण
चंद्रप्रकाश

अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवसः 2 अप्रैल, विशेष

एक से बढ़कर एक शानदार परीकथाओं के लेखक हैंस क्रिश्चियन एंडरसन के जन्मदिन (2 अप्रैल) को अंतरराष्ट्रीय बाल पुस्तक दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर उनके रचनात्मक अवदान पर एक दृष्टि।

# परीकथाओं का महान चितेरा
# हैंस क्रिश्चियन एंडरसन



आगामी 2 अप्रैल को हैंस क्रिश्चियन एंडरसन (1805-1875) का जन्मदिन है। वह एक महान किस्सागो थे, जिन्होंने अपने जीवन में अनेक पुस्तकें लिखीं। लेकिन दुनिया भर में उन्हें उनकी लिखी हुई बच्चों की परीकथाओं की वजह से ज्यादा जाना जाता है। उनकी लिखी एक सौ छप्पन परीकथाएं, नौ किताबों में संकलित हैं। इनके दुनिया भर में एक सौ साठ से अधिक भाषाओं में अनुवाद हुए हैं। कुछ देशों में तो उनकी कहानियां स्कूलों में पाठ के रूप में पढ़ाई भी जाती हैं। ये कहानियां, बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर वर्ग के बीच पढ़ी और सराही जाती हैं। यह अपनी तरह की बड़ी मिसाल है। बेशक इस काम में डिज्नी की एनिमेटेड फिल्मों ने भी अपना एक बड़ा योगदान दिया है।

**एंडरसन का रचना संसारः** एंडरसन का जन्म डेनमार्क में कोपेनहेगन के नजदीक ओडेंस नामक स्थान में हुआ था। गरीब और पिछड़े घर में जन्म लेने के कारण इन्हें जीवन भर संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने शुरू में कुछ नाटक लिखे फिर कुछ आत्म-कथात्मक उपन्यास। उनकी पहली कहानियों की किताब 'बच्चों के लिए कहानियां' साल 1835 में छपकर आई। इसमें एंडरसन ने एक साथ नौ परीकथाएं संकलित की थीं। उनका कहानियां लिखने का यह काम आगे भी लगातार जारी रहा। एंडरसन का कहानी कहने का तरीका काफी अलग और अनोखा था। वे अपनी कल्पना की ताकत के साथ लोक-कथाओं की सरलता भी पिरो देते थे। इससे उनकी ये कहानियां अपने में विभिन्न संस्कृतियों की बातें भी कहती दिखती थीं। इस विषेशता के कारण उनका नाम यूरोप समेत पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो गया।



हैंस क्रिश्चियन एंडरसन

**जीवन में किया भरपूर संघर्षः** एंडरसन महान लेखक थे, लेकिन उनके जीवन में भी कम संघर्ष नहीं थे। एंडरसन बड़े हिम्मती और जुझारू थे। वे अपने अकेलेपन और दुख को बड़ी कुशलता से अपनी कहानियों का हिस्सा बना देते थे। उनकी यह सजगता उनकी लिखी कहानियों को सुंदर बनाती है। उनकी यह विशेषता, एंडरसन के जीवन की घटनाओं और उनकी बहुत सी रचनाओं पर शोध करने वालों ने पता लगाई है। एंडरसन की लिखी बहुत सी कहानियां उनके बाद के बहुत से लेखकों की प्रेरणा बनीं। उन्होंने भी इनका मर्म अपनी तरह से समझते हुए कई अनोखी रचनाएं की हैं।

एंडरसन की कुछ खूबियां और भी थीं, जिससे वे गजब के कलाकार भी माने जाते थे। वे अपने शुरू के दिनों से नाटकों की दुनिया से जुड़े थे। इसके अलावा कलम और ब्रश की मदद से स्याही के चित्र भी बना लेते थे। कागज की कतरनें चिपका कर कोलाज बनाना भी उन्हें पसंद था। इसके अलावा वे अनोखे किस्सागो थे। जो बच्चों के बीच अकसर किस्से सुनाते हुए बातों-बातों में कैंची से किसी कागज को काटकर तरह-तरह की आकृतियां बना देते थे। अंग्रेजी में इस तरीके से बनी आकृतियों को 'सिल्हूट' कहा जाता है। कुछ साल पहले जर्मनी के ब्रेमेन शहर में एंडरसन के ऐसे ही बहुत से तरह-तरह के चित्रों को जुटाकर एक बड़ी प्रदर्शनी में दिखाया गया था।

**संजोई गई हैं उनकी स्मृतियांः** आज भी एंडरसन की याद और सम्मान में दुनिया के कोने-कोने में तरह-तरह की बहुत सी गतिविधियां होती रहती हैं। इनमें उन पर डाक-टिकट निकालने से लेकर किसी अवसर-विशेष पर प्रदर्शनियां लगाने और जगहों के नाम रखने की बातें भी शामिल हैं। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## टाइट है हिंदी मीडियम

प्रभात रंजन जिस भी विधा में लिखते हैं, अपने अलहदा अंदाज में लिखते हैं। हाल में ही उनकी लिखी एक किताब आई है- हिंदी मीडियम टाइट। इसे किसी एक विधा में बांधकर नहीं देखा जा सकता है। इसे पढ़ते हुए संस्मरण, रेखाचित्र और व्यंग्य शैली में लिखे गए आत्मकथात्मक उपन्यास का आनंद एक साथ लिया जा सकता है। इसमें प्रभात ने दिल्ली के प्रतिष्ठित हिंदू कॉलेज में बिताए अपने छात्र जीवन की उन स्मृतियों को संजोया है, जिससे उस दौर में हिंदी पढ़ने और पढ़ाने वालों की हीन भावना प्रकट होती है। कहना चाहिए कि इसके बहाने लेखक ने उस सामाजिक मानसिकता को भी उजागर किया है, जो एक भाषा का जानकार होते हुए भी दूसरी प्रतिष्ठित मानी जाने वाली भाषा पर कमजोर पकड़ के कारण, पूरे व्यक्तित्व को हीनता बोध से ग्रस्त कर देती है। यह किताब हिंदी प्रेमियों, हिंदी के छात्रों, हिंदी के अध्यापकों और हिंदी साहित्यकारों को ही नहीं, हर उस व्यक्ति को भी पढ़नी चाहिए, जो हिंदी को एक भाषा के रूप में नहीं देखते बल्कि पढ़े-लिखे और संभ्रांत समाज में प्रतिष्ठित होने के लिए गैरजरूरी मानते हैं। *





**पुस्तकः** हिंदी मीडियम टाइट, **लेखकः** प्रभात रंजन,
**मूल्यः** 225 रुपए, **प्रकाशकः** राजपाल एंड संस, दिल्ली

# नवरात्रि आज से, अभिजीत मुहूर्त में होगी घट स्थापना

शहर सहित रतनपुर, मल्हार के देवी मंदिरों में रविवार 30 मार्च से आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि श्रद्धा व उत्साह से मनाई जाएगी। पूरी नवरात्रि माता दुर्गा की विशेष पूजा, आरती कर जसगीत गाए जाएंगे। महिलाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना कर हर दिन देवी की अलग-अलग रूपों की पूजा की जाएगी। नवरात्रि की शुरुआत सर्वार्थ सिद्धि सहित कई शुभ योग में हो रही है। वहीं इस बार तृतीया तिथि के क्षय होने से 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

नवरात्रि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होगी। इस बार चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगी। इस दौरान मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा की जाएगी। नवरात्रि में इस बार 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा, लेकिन माता के नौ स्वरूपों की पूजा होगी। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। द्वितीया और तृतीया तिथि 31 मार्च को एक ही दिन लग रही है, इसलिए तृतीया तिथि का क्षय हो रहा है। इस कारण चैत्र नवरात्रि पर 8 दिन ही व्रत रखा जाएगा।

## सर्वार्थ सिद्धि योग से होगी पर्व की शुरूआत, तिथि के क्षय होने से 8 दिन ही रखेंगे व्रत




## महामाया मंदिर में जलेंगे 23 हजार मनोकामना ज्योति कलश



रतनपुर स्थित महामाया देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर 23 हजार मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। जिसमें 2500 घृत, 18 हजार 700 तेल ज्योति जलेंगे। इसके अलावा 18 सौ आजीवन सदस्यों के नाम से तेल कलश ज्योति जलाया जाएगा। रविवार को सुबह 8 से 11.30 बजे द्वार पूजन किया जाएगा। सुबह 9 से 10 बजे के बीच मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित किया जाएगा।

## पीतांबरा पीठ में देवी भागवत का होगा वाचन



श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकण्डा में रजत जयंती महोत्सव, चैत्र नवरात्र उत्सव पर श्रीमद् देवी भागवत का संगीतमय आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन रविवार 30 मार्च से रविवार 6 अप्रैल तक चलेगा। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि इस नौ दिवसीय महोत्सव में श्रद्धालु भक्तजन श्रीमद् देवी भागवत कथा का श्रवण कर सकेंगे। साथ ही श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी, श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम श्री गणेशजी, श्री भैरवजी, श्री हनुमानजी और श्री मनोकामना अखण्ड घृत ज्योति कलश के दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। महोत्सव के प्रथम दिन प्रातः बजे चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के अवसर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी दिन श्री मनोकामना घृत अखण्ड ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाएगा। साथ ही, ध्वजारोहण, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ एवं श्रीमद् देवी भागवत पाठ का शुभारंभ होगा। कथा व्यास आचार्य मुरारीलाल त्रिपाठी 'राजपुरोहित' कटघोरा-कोरबा होंगे। परायण आचार्य के रूप में आचार्य चन्द्रहास त्रिपाठी कटघोरा-कोरबा उपस्थित रहेंगे। प्रतिदिन ब्रह्म शक्ति बगलामुखी देवी का देवी के विभिन्न स्वरूपों में पूजन, श्रृंगार किया जाएगा। इसी कड़ी में प्रातः कालीन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारियापूर्वक अभिषेक, परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का श्रृंगार, पूजन, सिद्धिविनायक का पूजन श्रृंगार किया जाएगा।

इस वर्ष भी 114 श्री मनोकामना घृत ज्योति कलश अभिजीत मुहूर्त में 11:36 से 12:36 के मध्य प्रज्जवलित किया जाएगा। प्रतिदिन शाम को संत-सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर प्रवचन होगा।

## डिडनेश्वरी मंदिर में जलेंगे 3 हजार से अधिक मनोकामना ज्योति कलश



मां डिडनेश्वरी मंदिर मल्हार में बासंती चैत्र नवरात्र के पहले दिन 30 मार्च रविवार को दोपहर अभिजीत मुहूर्त 11:36 से 12:24 के बीच घट स्थापना के साथ प्रथम ज्योत प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इस वर्ष 3 हजार से ज्यादा मनोकामना ज्योति कलश जलेगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने जानकारी दी कि नवरात्र के दौरान सभी अनुष्ठान के अलावा देवी भागवत कथा होगी। जिसके लिए परिसर में मंच बनाया गया है। मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में बासंती चैत्र नवरात्र की तैयारी पूरी कर ली गई है। ज्योति कलश कक्षों की सफाई के अलावा परिसर में रंग रोगन का कार्य पूर्ण हो गया है। परिसर को भव्य बनाने आकर्षक लाइट व झालर लगाए गए हैं। पिछले दिनों हुई ट्रस्ट की बैठक में सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है।

## आज गुलाबी साड़ी से होगा श्रृंगार

रेलवे न्यू कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ मां त्रिपुर सुंदरी मरीमाई माता मंदिर में देवी का हर दिन अलग-अलग कलर की साड़ी से श्रृंगार किया जाएगा। पहले दिन मां शैलपुत्री का अभिषेक, पूजन कर गुलाबी रंग की साड़ी से श्रृंगार होगा। घट स्थापना पूजा के बाद सुबह साढ़े 11 बजे मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाएगा। दूसरे, तीसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का अभिषेक कर श्वेत रंग की साड़ी के साथ श्रृंगार, वेदी व कन्या पूजन, नव चंडी पाठ, ललिता सहस्रनाम, देवी भागवत पारायण विधिवत किया जाएगा। चौथे दिन मां कुष्मांडा का अभिषेक, पूजन नीले रंग की साड़ी, पांचवें दिन मां स्कंदमाता का अभिषेक, पूजन, नीले रंग की साड़ी से श्रृंगार, छठवें दिन मां कात्यानी का अभिषेक, पूजन, पीले रंग, सातवें दिन 4 अप्रैल को मां कालरात्रि का अभिषेक, पूजन कर हरे रंग, आठवें दिन मां महागौरी का अभिषेक, पूजन कर काले रंग एवं नवमीं के दिन मां सिद्धिदात्री का अभिषेक, पूजन कर गुलाबी रंग की साड़ी के साथ श्रृंगार किया जाएगा।

## गाए जाएंगे जसगीत

जीडीसी स्थित शीतला माता देवी मंदिर में भी नवरात्रि की धूम रहेगी। बिलासपुर की मुंबई, अमेरिका में रहने वाले श्रद्धालु भक्तों ने इस मंदिर में कलश प्रज्जवलन कराने रसीट कटवाए हैं। पं. मनीष पाण्डेय ने बताया कि इस नवरात्रि भी मंदिर में तेल, घी का कलश जलेगा। दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। जसगीत गाए जाएंगे। नवमीं के दिन हवन कर पूर्णाहुति की जाएगी।



## देवी श्रृंगार, हवन से होगी पूजा की शुरूआत

काली मंदिर तिफरा में नवरात्रि के पहले दिन सुबह पूजा, पठन, देवी श्रृंगार, हवन कर काली सहस्रनाम का पाठ होगा। अभिजित मुहुर्त में घट स्थापना की जाएगी। मंदिर के पुजारी भवानी दास महराज ने बताया कि मंदिर में इस साल भी देवी भागवत कथा होगी। इसमें विष्णु पाण्डेय रोहरा द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। पं. संतोष तिवारी व दामोदर मेण्ड्रा द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा। गांवों से आई मंडलियों द्वारा जसगीत गाए जाएंगे। रामायण भी होगा। प्रतिदिन भण्डारा चलेगा। इसी तरह हरदेव लाल मंदिर सदर बाजार, दुर्गा मंदिर जरहाभाटा चौक, गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञा पीठों में शारदीय नवरात्रि मनाई जाएगी। कलश जलाए जाएंगे। देवी की नियमित पूजा, आराधना, आरती होगी।


### इन रूपों में होगी पूजा



30 मार्च प्रतिपदा को मां शैलपुत्री पूजन



31 मार्च द्वितीया तिथि को मां ब्रह्मचारिणी पूजन सुबह 9.12 बजे तक है। इसके बाद तृतीया तिथि (मां चंद्रघंटा पूजन) लगेगी, लेकिन इसका क्षय होगा।



1 अप्रैल चतुर्थी को मां कुष्मांडा।



2 अप्रैल पंचमी को मां स्कंदमाता।



3 अप्रैल षष्ठी को मां कात्यायनी।



4 अप्रैल सप्तमी को मां कालरात्रि।



5 अप्रैल अष्टमी को मां महागौरी।



6 अप्रैल नवमी को मां सिद्धिदात्री।

7 अप्रैल को दशहरा/नवरात्रि पारण।

उगादि महोत्सव

## दक्षिण भारतीय गायिकाएं बिखेरेंगी जलवे

श्रीश्री सोलापुरी माता पूजा समिति द्वारा रविवार 30 मार्च को इस वर्ष रजत जयंती उगादि समारोह का आयोजन किया जा रहा है। रेलवे नॉर्थ ईस्ट



इंस्टीट्यूट मैदान के सामने स्थित हैंडबॉल ग्राउंड में सुबह से लेकर देर रात तक विविध आयोजन होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामाराव और सचिव सांई भास्कर ने बताया कि इस बार भी कथा के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा। तेलुगू पुरोहित द्वारा सभी जातकों के वर्ष फल का वाचन किया जाएगा। दोपहर में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। जिसमें खेलकूद के अलावा रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता भी शामिल है। शाम को आयोजित सांस्कृतिक समारोह में समाज के प्रतिभावान बच्चे गीत, संगीत, नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगे। समाज के तीन बुजुर्ग दंपतियों व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान अतिथियों के हाथों होगा।

चेट्रीचंड्र शोभायात्रा

## धार्मिक संदेशों के साथ निकलेगी झांकियां

चेट्रीचंड्र महोत्सव एवं भगवान झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर 30 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा धार्मिक एवं



सामाजिक संदेश देने वाली झांकियों के साथ निकलेगी, जो 12 किलोमीटर लंबी होगी। यात्रा की शुरूआत बुधवारी बाजार से होगी, जो शहर के महत्वपूर्ण स्थलों से होते हुए सिंधी कालोनी भक्त कंवरराम नगर में समाप्त होगा। समस्त बिलासपुर सिंधी समाज, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधी युवक समिति, 16 सिंधी वार्ड पंचायत, सिंधी सेंट्रल युवा विंग एवं महिला विंग के संयुक्त तत्वावधान में चेट्रीचंड्र महोत्सव एवं समाज के ईष्ट देव भगवान झूलेलाल जयंती के पावन अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन समाज के नववर्ष के रूप में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। श्री झूलेलाल जी की 15 फीट की मूर्ति को शहर के विभिन्न स्थलों से होते हुए निकालेंगे।



29- MAR-BSP-Pg- 6 FULL PAGE_Layout 1 3/29/2025 11:41 PM Page 1



आयो लाल! ।।जिये सिंधु।। झूलेलाल!!

# चेट्रीचंड्र "सिंधु दिवस" जूँ लख-लख वाधायूँ

आयोलाल



झूलेलाल

चेट्रीचंड्र जुलूस मंझदि जो 11 बजे बुधवारी बाजार खां निकिरी बंधवापारा, धानमण्डी रोड , गुरुनानक चौक, तोरवा, दयालबंद, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, कंवरराम कपड़ा बाजार जे रस्ते खां गोल बाजार, सदर बाजार, प्रताप चौक, सरकंडा, नेहरू चौक, हेमू कालानी चौक, खां जरहाभाटा, जे रस्ते हली करे सिंधी कालोनी (भक्त कंवर राम नगर ) में विसर्जित कयो वेन्दो ।

सभिनी सिंधी भाउरन सां निमाणी वेन्ती आहे त हिन शुभ मौके ते सिंधीयुनि जे पवित्र त्यौहार लाल सांई जे डीह चेट्रीचंड्र ते पंहिजो कारोबार बन्द रखी जुलूस में शामिल थी करे सिंध्यत जी शान वधाईंदा । ऐं सिंघयुनि जी एकता जी मिसाल देखारींदा ।

## समस्त सिन्धी समाज, पूज्य सिन्धी सेंट्रल पंचायत, सिन्धी युवक समिति, पूज्य सिन्धी 16 वार्ड पंचायतें, सिन्धी सेंट्रल युवा विंग एवं महिला विंग बिलासपुर

आज दिनांक 30 मार्च रविवार को सिन्धी समाज की समस्त दुकानें बंद रहेगी।


भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री
मा. श्री नरेन्द्र मोदी जी
का बिलासपुर की पावन धरा में
वंदन... अभिनंदन... नंदन...
चेट्रीचंड्र व
हिन्दू नववर्ष
की आप सभी शहरवासियों को
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
रवि परयानी
कोषाध्यक्ष भाजपा पूर्वी मण्डल

29- MAR- BSP- P-8_Layout 1 3/27/2025 3:44 AM Page 1





# समिति ने दीप प्रज्जवलित कर दोहराई एयरपोर्ट विस्तार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अनूठा आंदोलन किया। पीएम मोदी के आगमन की पूर्व संध्या पर 30 दीप प्रज्वलित किया गया। एयरपोर्ट विस्तार और विकास के लिए 300 करोड़ की मांग और जमीन वापसी को लेकर समिति ने आंदोलन किया।

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट में बदलने केंद्र सरकार से 300 करोड़ रुपए और रनवे विस्तार हेतु आवश्यक जमीन की मांग समिति द्वारा की जा रही है। रविवार को पीएम बिलासपुर पहुंच रहे है, ऐसे में समिति द्वारा अपनी मांगों को उठाने अनूठा आंदोलन किया है। समिति ने कहा कि वीरांगना बिलासा देवी केंवट के नाम पर बने एयरपोर्ट के लिए शीघ्र ही निर्माण कार्य किया जाना चाहिए, इसके लिए 300 रूपए की घोषणा पीएम मोदी द्वारा की जानी चाहिए। सदस्यों ने कहा कि तमिलनाडु जैसे राज्य छोटे राज्य में भी 6 पूर्ण विकसित एयरपोर्ट हैं जिसमें से 3 अंतरराष्ट्रीय दर्जे में शामिल है जबकि छत्तीसगढ़ में महज रायपुर के एयरपोर्ट में सुविधाएं है। 4 साल पहले एयरपोर्ट पर परिचालन शुरू कराया गया है अभी भी प्रतिदिन एक ही फ्लाइट की सुविधा है।

शनिवार को दीप प्रज्वलन आंदोलन में समिति के सदस्य,सहयोगी संगठनों के साथ बड़ी संख्या में निषाद समाज के सदस्य उपस्थित रहे। आंदोलन में हर प्रसाद केंवट, परशुराम केंवट,बिंदु निषाद अगस्त्य निषाद, पूजा निषाद, गजेंद्र केंवट दिलहरण निषाद शामिल हुए। वहीं समिति के विनोद साहू, ओम प्रकाश,नारद श्रीवास, दीपक कश्यप, अशोक भंडारी,समीर अहमद बबला, संदीप दुबे, प्रकाश बारानी, अखिल अली, मोहसिन अली, साबर अली और सुदीप श्रीवास्तव रहे।

# वर्चस्व की लड़ाई को लेकर कोल ट्रांसपोर्टर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला खदान में वर्चस्व को लेकर हुई खूनी झड़प में एक ट्रांसपोर्टर की हत्या कर दी गई। वारदात के बाद इलाके में भारी तनाव है। स्थिति को नियंत्रित करने



के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि 6 माह पूर्व भी कोल ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल और रोशन सिंह ठाकुर के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। इस दौरान भी दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। लंबे समय से दोनों कोल ट्रांसपोर्टरों में अच्छे ग्रेड के कोयले के उठाव को लेकर रंजिश चली आ रही थी।



हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हो गया था। इसके बाद 28 मार्च की रात 10.30 बजे ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल अपने तीन साथियों के साथ एसईसीएल के सरईपाली बुड़बुड़ खदान में कोयला लोड करने पहुंचा था तभी आरोपी रोशन सिंह ठाकुर भी अपने भाई और भांजे सहित अन्य साथियों के साथ हथियार से लैस होकर मौके पर पहुंचा। जिसके बाद रौशन सिंह ठाकुर गेट के सामने विवाद शुरू कर दिया। देखते देखते विवाद इतना बढ़ा कि रोशन सिंह ने रोहित को पीटना शुरू कर दिया। वारदात के बाद उसके साथियों ने भी रोहित पर हमला बोल दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल रोहित को उसके साथियों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पाली में तनाव

ट्रांसपोर्टर रोहित की हत्या के बाद पाली में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित लोगों ने देर रात जमकर बवाल किया। आक्रोशित भीड़ ने कई वाहनों में तोड़फोड़ की। हत्या के मुख्य आरोपी के वाहन को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामले में 16 लोगों के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज किया है। जिनमें रोशन सिंह ठाकुर, गौरव सिंह ठाकुर, वासु ठाकुर, सौरभ श्रीवास, सुशांत ठाकुर उर्फ सीजू, संस्कार ठाकुर, मोंटी कश्यप, मुकेश श्रीवास, सुनील सागर, प्रभात दुबे, निलेश सिंह राज, कैलाश कैवर्त, अनिल मरावी उर्फ छोटू, मयंक सिंह ठाकुर, सूरज पासवान, सुरेंद्र सिंह चौहान शामिल हैं। मामले में एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर सुरेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। वहीं हत्या के मुख्य आरोपी पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन ठाकुर व उसके भाई व भांजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बांकी आरोपियों ने खुद थाने में आकर सरेंडर कर दिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात कर दिया है।

**थाना प्रभारी लाइन अटैच :** इधर दूसरी तरफ घटना दिनांक को पाली के थानेदार विनोद सिंह थाना से नदारत रहे । ड्यूटी में बरती गई लापरवाही को ध्यान में रखते हुए एसपी सिद्दार्थ तिवारी ने पाली थाना प्रभारी एसआई विनोद  सिंह को तत्काल लाइन अटैच कर दिया है। दर्री थाना संभाल रहे राजेश तिवारी को पाली का थानेदार बनाया है। दर्री थाना का प्रभार निरीक्षक ललित चन्द्रा को दिया गया है।





|| आयोलाल ||
|| झूलेलाल ||
चेट्रीचंड्र ज्युँ
लख-लख वाधायुँ
30 मार्च 2025
जेको चवंदो झूलेलाल, तहिंजा थिंदा बेड़ा पार...
शंकर मनचंदा
दयानंद तिर्थानी
कमल कलवानी
दिलीप दयालानी
मुकेश विधानी
राजेश दुसेजा
धीरज रोहरा
राम सुखीजा
विनोद लालचंदानी
विनोद जीवनानी
विजय छुगानी
अभिषेक विधानी
अमित नेभानी
दिनेश नागदेव
मनोज उमरानी
मनीष उमरानी
अजय भिमनानी
नीरज जग्यासी
विशाल पमनानी
रूपेश कुकरेजा
अमित जादवानी
दीपक ग्वालानी
रॉबीन वाधवानी
अशोक गेमनानी
रवि पृथवानी
विकास कुकरेजा
जय गुरनानी
संजय पमनानी
अविनाश आहुजा
संतोष बुधवानी
पवन वाधवानी
टिनू नोतानी
अविनाश आहुजा (बाबू)
सूरज हरियानी
नितेश रामानी
विशाल जीवनानी
अविनाश चौधरी
अंकित वाधवानी
अमर पमनानी
अमर चावला
लखन नागदेव
मनोज मनसुखानी
हेमंत जीवनानी
विकास खटवानी
कमल भीमनानी
ब्रम्हा सिदारा
मनीष डोडवानी
यश आहूजा
मनोहर वाधवानी
सिंधी आहायूं...
सिंधी गाल्हायूं...
पंकज भोजवानी
विनीत:- सर्व सिंधी समाज, बिलासपुर

## खबर संक्षेप

### मदनपुर में संगीतमय भागवत कथा

**लखराम।** समीप ग्राम मदनपुर में भव्य संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से रविवार 30 मार्च से 6 अप्रैल तक किया जा रहा है। आयोजन की कथा वाचिका सुमन मदनपुर एवं परायण कर्ता आचार्य पंडित चंद्रिका प्रसाद दुबे बिलासपुर वाले हैं। आयोजन के अध्यक्ष तुलाराम साहू एवं उपाध्यक्ष दिलहरण साहू हैं। सुबह 8 से 9 बजे नित्य पूजा पाठ व आरती होगी एवं दोपहर 3 से कथा का आयोजन किया जाएगा।

## निधन

### पारुल अग्रहरि

**बिलासपुर।** करगी रोड कोटा निवासी पारुल अग्रहरि का 29 मार्च को निधन हो गया। वे 25 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 30 मार्च को कोटा स्थित मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे होगा। वे संतोष अग्रहरि की पुत्री व प्रतीक अग्रहरि की पत्नी थीं।



### बाबू लाल निषाद

**बिलासपुर।** बेलगहना पंडरापथरा निवासी बाबू लाल निषाद का 29 मार्च को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष निषाद, शिव निषाद व शांति मांझी के पिता थे।



### कृष्ण क्षेत्रपाल (निक्कू)

**बिलासपुर।** सरकंडा सीपत चौक निवासी कृष्ण क्षेत्रपाल (निक्कू) पिता स्वर्गीय जगदीश चंद्र क्षेत्रपाल का निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 30 मार्च को उनके निवास से सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मुदित क्षेत्रपाल के पिता एवं सीमा के पति थे।



### चंद्रकली बाजपेयी

**सकरी।** ग्राम गनियारी निवासी चंद्रकली बाजपेयी का शनिवार को 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश बाजपेयी की मां थी।



# नवरात्र आज से, देवी मंदिरों में तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

■ मनोकामना ज्योति कलश के साथ ही बाए जाएंगे जवारा

नगर सहित अंचल के प्रमुख देवी मंदिरों व ग्रामीण अंचलों में नवरात्रि पर्व का शुभारंभ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। कई स्थानों पर जंवारा बोए जाएंगे। प्रातः काल से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ शक्ति की आराधना के लिए उमड़ेगी। जहां परंपरागत ढंग से श्रद्धालु मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर पारिवारिक सुख समृद्धि की मंगलकामना की जाएगी।

आठ दिनों तक चलने वाले अन्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही श्री दुर्गा सप्तशती का अनुष्ठान भी शुरू होगा। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं का उत्साह पूर्वक पूजन अर्चन में शामिल होंगे। नगर के मध्य में स्थित महामाया मंदिर, दाऊपारा स्थित महामाया मंदिर, जय मां दुर्गा मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, सेतगंगा स्थित मां महामाया मंदिर, सुरदा स्थित महामाया मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की तैयारियां की जा रहीं हैं। नवरात्रि के दिन से हिन्दू नववर्ष भी मनाया जाता है। जिसके लिए समाज के लोग अपने-अपने स्तर से तैयारी प्रारंभ कर देते हैं। युवा वर्ग भी हिन्दू नव वर्ष मनाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। ज्योति कलश जलवाने वाले महामाया मंदिर दाऊपारा, सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, मल्हापारा स्थित महामाया मंदिर, खर्रीपारा स्थित काली मंदिर, पानी टंकी स्थित मां अंगार मोती माता मंदिर एवं पंडरिया रोड स्थित शक्तिमाई मंदिर, करही स्थित दुर्गा मंदिर, हथनी कला अष्टभुजी दुर्गा मंदिर, लोहड़ियां में महामाया मंदिर में तैयारियां चल रही है। मंदिरों के व्यवस्थापक एवं पुजारी नवरात्रि की व्यवस्था में जुटे हुए हैं।



मां महामाया मंदिर सोनारपारा मुंगेली।

### नवरात्रि पर दुर्गा मंदिर में होंगे विविध अनुष्ठान



**पेंड्रा।** जगतगुरु रामानुजाचार्य आश्रम दुर्गा मंदिर विद्यानगर पेंड्रा में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। अखंड मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ ही समस्त देवी-देवताओं की पूजा एवं वैदिक विधि-विधान के साथ 9 दिनों तक कई तरह के विविध अनुष्ठान किए जाएंगे।

### महामाया मंदिर में प्रज्वलित किए जाएंगे आस्था के दीप



**तखतपुर।** चैत्र नवरात्रि पर मां महामाया मंदिर तखतपुर में आस्था के दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और इसके लिए मंदिर प्रबंध समिति की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। चैत्र नवरात्रि की शुरुआत रविवार 30 मार्च से हो रही है और 6 अप्रैल रामनवमीं तक यह पर्व मनाया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य यजमान संगीता बजरंग गुप्ता, आचार्य पंडित रम्मी पाठक है। तैयारी में समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, यतेंद्र दुबे, लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, विनोद अग्रवाल सहित सेवादार तिलक ताम्रकार, कुंजराम यादव, दुर्गा यादव, रमेश पटेल सहित अन्य जुटे हुए हैं।

# स्वच्छता अभियान नहीं, सबकी नैतिक जिम्मेदारी: तोखन

■ केन्द्रीय राज्यमंत्री की प्रेरणा से युवाओं ने किए सेवा कार्य

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन के उपलक्ष्य में सेवा और समर्पण की भावना से प्रेरित होकर युवाओं ने तीन दिवसीय सेवा पर्व का आयोजन किया। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू की प्रेरणा से जीवन संस्कार सेवा समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में रक्तदान, पौधारोपण और स्वच्छता अभियान जैसे सेवा कार्य संपन्न हुए।

महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को तोखन साहू इस सेवा कार्य में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। जहां उन्होंने देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात कृष्ण-अर्जुनी तालाब में विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें हजारों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, रतनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष, जीवन संस्कार सेवा समिति के सदस्य, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



तालाब की सफाई करते केंद्रीय मंत्री तोखन साहू व अन्य।

**कोनी में रक्तदान:** कोनी स्कूल ग्राउंड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 201 लोगों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लिया। यह सेवा कार्य प्रधानमंत्री जी के 'सेवा परमो धर्मः' के विचार को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

**किया पौधरोपण:** 'एक पेड़ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला। यह प्रधानमंत्री के 'मिशन लाइफ' को गति देने का एक प्रयास था।

### तालाब की सफाई

रतनपुर स्थित कृष्ण-अर्जुनी तालाब में भव्य श्रमदान अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत तालाब और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। राज्यमंत्री तोखन साहू ने इस अवसर पर कहा, ₹स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक समाज स्वयं आगे नहीं बढ़ेगा, तब तक स्थायी परिवर्तन संभव नहीं है।

### मानस सम्मेलन के समापन पर लगा भंडारा



**तखतपुर।** अखिल भारतीय मानस सम्मेलन के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सांस्कृतिक भवन के पास राम सदन में आयोजित अखिल भारतीय मानस सम्मेलन में बाहर से आए वक्ताओं द्वारा सात दिनों तक कथा वाचन किया गया। समापन के दिन यज्ञ हुआ और उसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। सांस्कृति भवन में आयोजित भण्डारे में नगर सहित आसपास के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रोहन सिंह, जुगलकिशोर पाण्डेय, अनिल सिंह, श्रवण सिंह, राजकुमार पाण्डेय, हूप सिंह क्षत्री, टेकचंद कारड़ा सहित अन्य उपस्थित रहे।


**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास निरतू (तखतपुर) बिलासपुर में निर्मित अटल आवास भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास-133 मूल आबंटी श्री नंदराम राठौर पिता श्री दयाराम राठौर के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 28 .02 .2013 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को श्री विनय कुमार सिंह पिता श्री रामबहादुर सिंह को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25
पक्षकार :- डा. आदित्य कुमार दुबे पिता स्व. अयोध्या प्रसाद दुबे वगैरह ....आवेदकगण
बनाम
छ.ग. शासन....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण डा. आदित्य कुमार दुबे पिता स्व.अयोध्या प्रसाद दुबे वगैरह निवासी दयालबंद बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा नजूल शीट नं. 26 प्लाट नं. 99 रकबा 630 व. फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे आवेदकगण के पिता/पति अयोध्या प्रसाद दुबे के नाम पर दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 20.12.2024 को हो चुकी है। आवेदकगण के द्वारा आवेदित भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 2/5/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 28/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्री प्रकाश अग्रवाल पिता स्व. श्री रामअवतार अग्रवाल, निवासी हनुमान मेटल कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशन कराना चाहता हूँ कि मेरे पक्षकार के द्वारा मौजा रमतला, प.ह.नं.-24 रा.नि.म. कोनी, वि.ख. बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर - 1178 रकबा 0.0610 हे. की भूमि को विक्रेता एकेश्वर साहू पिता स्व. श्री कैलाश चरण साहू, निवासी गणेश इन्क्लेव कोनी बिलासपुर छ.ग. वाले से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम राशि का भुगतान कर चुका है, तथा निकट समय पर राजस्ट्री होना तय है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय बैंक को कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे दिये गये कार्यालयीन पते पर मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, तथा मेरे पक्षकार के पक्ष मे आवश्यक रूप से रजिस्ट्री करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने।
दिनांक- 29/03/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
अर्जुन लाल सक्सेना, अधिवक्ता
कार्यालय- तहसील कार्यालय बिलासपुर
(छ.ग.) मो. 9827492695

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक //क/वा / तह. /2024
सकरी दिनांक 27/03/20245

एदत द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित क्रिया जाता है कि आवेदक / आवेदिका प्रतीक शर्मा पिता/पति रामाधार शर्मा निवासी सोनपुरी कोटा बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.न. 43 रा.नि.म. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 23/41 रकबा 790 व.फु. का रकबा सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15/04/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/3/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी जिला बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क/क/ रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 21/3/2025

प्रति, ओम प्रकाश गुजर 1. संजू दिक्षित 2. इन्पूजीत महतो 3. नसीर खान 4. चैतराम पासी 5. प्रभारी अधिकारी द.पू.म. रेलवे तितली चौक (समीपी भूनिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज / आवेदक के बताए अनुसार)

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
सदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/ तह/वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवदेक ओम प्रकाश गुजर निवासी तोरवा के द्वारा ग्राम तोरवा पहन 37 रा.नि.म जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1095/3 रकबा 0.3810 के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 08/04/25 को समय 12 से 5 बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क/क/ रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 28/3/2025

प्रति, 1. मनप्रीत सिंह होरा पिता खेमसिंह 2. रामगोपाल पिता सालिकराम 3. इक़बाल सिंह 4. शांति देवी पति सरदार गुलाब सिंह 5. शायदा बेगम पति हाजी गुलाम मो. 6. कमल कुमार तुलस्थान पिता हरिशंकर 7. फर्म राज इंडस्ट्री म. सिराज अली 8. विकाश कुमार तुलस्थान 9. पंचराम बिनकर पिता भगवंतराम 10. युधिष्ठिर पिता भगवंतराम 11. चंद्रशेखर पिता भगवंतराम 12. प्रभारी अधिकारी द.पू.म. रेल्वे 13. जोन कमिश्नर क्र. 4 बिलासपुर 14. सावित्री बाई पति संतराम।
(सभीपी भूनिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज के बताए अनुसार)

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत ।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क/क/तह/वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक 04.03.25

आवेदक मनप्रीत सिंह होरा निवासी जूना बिलासपुर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर पहनं-36 रानिम जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा 890/1, 900/1 कुल रकबा 0.2140 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 03/04/25 को समय 11 से 5 बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ. ग.)




# "धन्य घड़ी, धन्य भाग्य हमारे, राष्ट्र नायक बिलासपुर पधारे"

राष्ट्रनिष्ठ
धर्मनिष्ठ
कर्मयोगी
विकासपुरूष
निस्वार्थी
निर्भिक
लोकहितवादी
प्रखर राष्ट्रभक्त





## माननीय नरेन्द्र मोदी जी का हार्दिक अभिनंदन...

**बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा**

**हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति शोभायात्रा का स्वागत एवं सनातन सेवा सम्मान समारोह**

**दिनांक 30.03.2025**

**स्थान : सदर बाजार, मेन रोड बिलासपुर**

आप सभी सादर आमंत्रित है...



**कमल सोनी**
प्रदेश अध्यक्ष- छ.ग. सराफा एसोसिएशन

**स्वागतोत्सुक**

### बिलासपुर सराफा एसोसिएशन

संरक्षक-बृजमोहन सोनी, भीम सोनी, रमेश सोनी, विजय गुप्ता, संयोजक- महेन्द्र शाह, छेदीलाल सराफ, दिलीप खण्डेवाल, अनिल गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार- पंकज पारेख, राजेश सोनी, जितेन्द्र शाह, सुनील सराफ, कुंजबिहारी सोनी, विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष-कमल सोनी, कार्यवाहक अध्यक्ष-सुनील सोनी, श्रीकांत पाण्डे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष- जितेन्द्र सिंह, प्रवीण सलूजा, विजय गांधी, सन्नी सलूजा, उपाध्यक्ष-जितेन्द्र सोनी, महेश स्वर्णकार, मोतीलाल सोनी (मन्नू), महीतोष सराफ, सचिव- अजय सराफ, सह-सचिव- आदित्य गुप्ता, नवनाथ एक्ले, सूरज सोनी (गोलू), कोषाध्यक्ष-राजेश शाह, सह-कोषाध्यक्ष- उदित सोनी, संगठन मंत्री- हितेश साहू, दीपक सराफ, सौरभ शाह, रितेश सलूजा, रौनक साव, रवि सोनी, मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी- विवेक तिवारी, राजीव पारेख, विधि-सलाहकार- अमित सोनी, हितेश सोनी, कार्यकारिणी सदस्य- शिवा सूर्यवंशी, कमल अग्रवाल, विक्रम बलेचा, शशांक स्वर्णकार, अमृत गुप्ता, संतोष तिवारी,विकास सोनी (बिल्हा), राजू सोनी (चकरभाठा), पंकज सोनी (विक्की), संजय सोनी, ललित सोनी, दीपक सोनी, राहुल सराफ, किशन सोनी, शोमेन कर्मकार

### मैढ़ क्षत्रिय (मारवाड़ी) सोनी समाज

संरक्षक-बृजमोहन सोनी, श्याम सुंदर सोनी, नथमल सोनी, रिछपाल सोनी, रामगोपाल सोनी, केशव प्रसाद सोनी, विश्वनाथ सोनी, रमेश सोनी, प्रमुख सलाहकार- जगदीश प्रसाद सोनी, अशोक सोनी, कमल सोनी (मौसूण), मनोज सिंह संयोजक- रवि प्रकाश सोनी, कमल सोनी, राजेश सोनी, अध्यक्ष-सजन सोनी, उपाध्यक्ष-रघुनाथ सोनी, कमनोज सोनी, संगठन मंत्री- संतोष सोनी, सचिव-प्रकाश सोनी, सह सचिव- योगेश सोनी, गणेश सोनी, कोषाध्यक्ष- शुभम सोनी, सहकोषाध्यक्ष-उदित सोनी, कार्यकारिणी- रविन्द्र सोनी, सुनील सोनी, भवानी शंकर, दीपक जोडा, नरेश सोनी,शिव सोनी, पंकज जोडा, पंकज सोनी, विकास सोनी, दीपक सोनी, विकास सोनी, महेश जोड़ा, आकाश सोनी, सनी कडेल, वैकंट सोनी, निखिल सोनी, अंकित सोनी

J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### मैसेज सर्च करते ही खाते से रुपए ट्रांसफर, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** वाट्सएप मैसेज सर्च करते हुए रेलवेकर्मी के बैंक खाते से 3 लाख 40 हजार रुपए ट्रांसफर हो गया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, घुटकू निवासी सुधीर कुमार वस्त्रकार रेलवे में कार्यरत हैं। वे अंपने कार्यालय में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके मोबाइल में वाट्सएप में एक मैसेज आया। उन्होंने मैसेज देखने से सर्च किया तो देखते ही देखते अलग अलग किस्तों में उनके बैंक खाते से 3 लाख 40 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर हो गया। मैसेज आने पर उन्हें साइबर फ्राड होने का अहसास हुआ। उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### छात्रा से छेड़खानी शिक्षक गया जेल

**बिलासपुर।** परीक्षा दिलाने गई नाबालिग छात्रा से छेड़खानी करने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग छात्रा 26 मार्च को परीक्षा दिलाने स्कूल गई थी। परीक्षा देने के बाद अन्य छात्र छात्राओं के रूम से बाहर जाने के बाद शिक्षक कल्याण कुमार भोई पिता रामझूल भोई 50 साल भकुर्रा नवापारा तखतपुर निवासी छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने लगा। किसी तरह उसके चंगुल से छूटकर छात्रा परीक्षा हाल से निकलकर भागकर घर गई और घटना की जानकारी माता पिता को दी। पिता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने शिक्षक कल्याण कुमार भोई को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।



### साले को किया कॉल जीजा ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** साला को वीडियो काल कर आत्महत्या करने की बात कहने के बाद जीजा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सरकण्डा थाना के एएसआई प्रदीप यादव ने बताया, सीपत चौक पेट्रोलपंप के पास रहने वाल कृष्ण कुमार क्षेत्रपाल पिता स्व. जगदीश यादव 60 साल मानसिक रोगी थे और उनका इलाज चल रहा था। दो माह पहले कमर में चोट आने से उनकी पत्नी अपने मायके जगदलपुर में चली गईं और उनके बेटे आस्ट्रेलिया में रह रहे हैं। शुक्रवार की शाम श्री क्षेत्रपाल ने अपने साले को वीडियो काल कर आत्महत्या करने की बात कही और फोन काट दिया। उसके बाद उन्होंने कमरे के पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके साले ने उनके भाई डा. राजू क्षेत्रपाल को घटना की जानकारी दी। वे भाइयों के साथ उनके घर जाकर देखे तो उनकी पंखे में फंदे पर लटकी मिली। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### डोंगरगढ़ में ट्रेन स्टापेज की सुविधा आज से

**बिलासपुर।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के दौरान 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में मेले का आयोजन होगा। इस नवरात्रि पर मेला जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने ट्रेनों का अस्थायी ठहराव, स्पेशल ट्रेन और कुछ ट्रेनों का विस्तार डोंगरगढ़ तक करने का आदेश दिया है। इन ट्रेनों में गोंदिया-दुर्ग और दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर को रायपुर तक, रायपुर-डोंगरगढ़ और डोंगरगढ़ से रायपुर मेमू पैसेंजर को रेस्टोरेशन कर गाड़ी को गोंदिया तक विस्तार किया गया है। इसके अलावा डोंगरगढ़-दुर्ग और दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल और दुर्ग-रायपुर और रायपुर से दुर्ग के बीच मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। वहीं 30 मार्च से 6 अप्रैल तक 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस 21.56 से 21.58 बजे तक, 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस 05.40 से 05.42 बजे तक, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21.56 से 21.58 बजे तक, 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 05.40 से 05.42 बजे तक, 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12.16 से 12.18 बजे तक रुकेगी।

**घोटाला**

राशन दुकानों की जांच 12 दिनों में होनी मुश्किल, तीसरी बार जारी किया गया था दुकानों के भौतिक सत्यापन करने का आदेश

# 13 हजार राशन दुकानों में गड़बड़ी, मंत्रालय की टीम कर रही जांच

**बिलासपुर।** प्रदेश की 13 हजार राशन दुकानों में ऑनलाइन स्टॉक और गोदाम में रखे स्टॉक में अंतर की जांच अब तक शुरू नहीं हो पाई है। यह स्थिति तब है जब बचत स्टॉक के सत्यापन और डेटा एंट्री 10 अप्रैल, 2025 तक पूरा की जानी है।

राशन दुकानों की जांच दल में खाद्य विभाग के साथ गृह विभाग और सहकारिता के सदस्यों को रखा जाएगा। इसके लिए 13 फरवरी को आदेश जारी किया गया था। यह सत्यापन एक मार्च 2025 की स्थिति में किया जाना है। इस तरह 13 हजार राशन दुकानों की जांच 12 दिनों में होनी मुश्किल ही है। बिलासपुर में भी 400 से अधिक दुकानों का सत्यापन किया जाना है। प्रदेश में 216 करोड़ के राशन घोटाले की जांच के नाम पर तीसरी बार राशन दुकानों का भौतिक सत्यापन कराने का आदेश जारी किया गया है। मामले में जिम्मेदार अधिकारियों को बचाने के लिए बार-बार सत्यापन ही कराया जा रहा है। जबकि, जांच में ही 216 करोड़ के खाद्यान्न घोटाले का खुलासा हुआ था। अब इस सत्यापन के नाम पर संचालनालय के अधिकारियों ने नया दांव खेला है। इसके साथ ही बाजार से चावल और शक्कर खरीद कर रखवाने का मौखिक आदेश भी जारी किए जाने की खबर है जबकि नियम है कि प्रकरण दर्ज कर आरसीसी जारी कर राजस्व वसूली की जानी चाहिए।

■ बिलासपुर में भी 400 से अधिक दुकानों का सत्यापन किया जाना है

### ऑनलाइन और गोदाम में रखे स्टाक में अंतर की जांच



खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान ऑनलाइन स्टॉक और गोदाम में रखे स्टॉक में अंतर की जांच होगी। इसके लिए सत्यापन और डेटा एंट्री 10 अप्रैल 2025 तक पूरी होनी चाहिए। जांच दल में खाद्य विभाग के साथ गृह विभाग और सहकारिता के सदस्यों को जांच दल में शामिल किया जाएगा। हालांकि प्रदेश में कुल 13,000 राशन दुकानें हैं इनकी जांच 10 अप्रैल, 2025 तक करना काफी मुश्किल है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को इस जांक आदेश जारी किया गया था लेकिन अधिकारियों ने लापरवाही बरती।

### जांच में देरी का फायदा उठा रहे गड़बड़ी वाले

दूसरी ओर जांच में देरी का फायदा गड़बड़ी करने वाले राशन दुकान संचालक उठा रहे हैं। गौरतलब है कि रायपुर, बिलासपुर समेत प्रदेश के अधिकांश राशन दुकानों में वास्तविक स्टॉक में गड़बड़ी है। इसलिए जांच को अटकाया जा रहा है। हालांकि पहले की जांच आदेश में साफ लिखा है कि उचित मूल्य दुकानों के स्टॉक के भौतिक सत्यापन में कोई भी राशन सामग्री विभागीय डेटाबेस में दर्ज जानकारी से कम अथवा अधिक पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे दुकान संचालकों पर छत्तीसगढ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के प्रावधानों के एफआईआर दर्ज करने को कहा गया है।

### अधिकारी एक दूसरे पर दोष मढ़ रहे

विधायकों की जांच समिति के डर से संचालनालय के अधिकारी और मैदानी अधिकारी एक दूसरे पर दोष मढ़ रहे हैं। मैदानी अधिकारियों का कहना है कि अरबों के राशन बचत घोटाले के अधिकारियों ने खाद्य निरीक्षकों के घोषणा पत्र को अनदेखा कर दिया। जिन दुकानों के घोषणा पत्र नहीं आए वहां के निरीक्षकों पर कार्रवाई भी नहीं की। इसके बावजूद हर महीने पूरा कोटा दुकानों में पहुंचता रहा। राशन दुकानों में राशन सामग्री कम होने के कारण ट्रक चालान की एंट्री न होना, सर्वर में अपलोड न करना बताया गया है। दूसरी ओर संचालनालय के अधिकारियों का कहना कि खाद्य निरीक्षकों से हर माह नियमानुसार सत्यापन नहीं किया।

### की जाती है जांच

सरकारी टीम बीच-बीच में राशन की दुकानों पर पहुंचकर स्टॉक की जांच करती है। इस दौरान यदि अनाज के उपलब्ध और सरकारी आंकड़ों में दर्ज स्टॉक के बारे में अंतर आता है तो इसकी जांच की जाती है। यदि कोटेदार यह स्पष्ट नहीं कर पाता है कि यह अंतर क्यों आया है तो इसे कालाबाजारी माना जाता है। इसके साथ ही कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो जाती है।

- **अनुराग सिंह भदौरिया**, खाद्य नियंत्रक, बिलासपुर

देवरीखुर्द, चिल्हाटी के साथ ही खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी एवं सकरी में दूर होगी समस्या

# वार्डों में छाया पानी का संकट, इससे निपटने 8 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना बनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र के कई वार्डों में अभी से पानी का संकट गहराने लगा है। खास तौर पर देवरीखुर्द, चिल्हाटी के साथ ही निगम में शामिल नए क्षेत्र, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी एवं सकरी में लोग परेशान हो रहे हैं। हालांकि निगम ने इसे निपटने के लिए 8 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने के लिए पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा।

■ जल आपूर्ति सुधारने पाइपलाइन और पानी टंकी का किया जाएगा निर्माण

ध्यान रहे कि देवरीखुर्द क्षेत्र में सालों से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। लाख कोशिशों के बाद भी इसका निराकरण नहीं किया जा सका है। गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र में लगे बोर भी सूख जाते हैं। जिससे वहां रहने वाले लोगों को पानी की परेशानी अक्सर बनी रहती है। दूसरी ओर प्रशासन ने पूरे शहर में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन को बिछवा दिया है। इसके बावजूद देवरी खुर्द में अमृत मिशन योजना अब तक नहीं पहुंच पाई है जबकि देखा जाए तो सबसे अधिक जरूरत देवरीखुर्द के लोगों को ही है। चिल्हाटी में पानी की समस्या एक गंभीर मुद्दा है, जो कई इलाकों में पीने योग्य पानी की कमी और खराब गुणवत्ता के कारण है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो रही हैं।




टेंकर से वार्डों में पहुंचाया जा रहा पानी।

### 50 हजार लोगों की हर साल की परेशानी

ध्यान रहे कि देवरीखुर्द की आबादी 50 हजार से अधिक है लेकिन पानी सप्लाई को लेकर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने सूध नहीं ली है। जल स्तर नीचे चले जाने से सभी 20 वार्डों में पेयजल की समस्या शुरू हो गई है। इससे लोग परेशान हैं। संकट से जूझ रहे वार्डवासियों को टैंकर से पानी सप्लाई किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को कुछ हद तक राहत मिली है। लोगों के मुताबिक यहां लगभग 25 हैंडपंप की सुविधा है। इसमें 10 हैंडपंप पूरी तरह से सूख चुके हैं। बाकी हैंडपंप से कम मात्रा में पानी निकल रहा है। जन प्रतिनिधियों के सहयोग से टैंकर के माध्यम से वार्डों में पेयजल पहुंचाया जा रहा है। देवरीखुर्द निवासी निवासी देव प्रसाद ने बताया कि बीते एक महीने से वार्डों के हैंडपंप से पानी नहीं निकल रहा है। साथ ही कुछ हैंडपंप पहले से ही खराब हैं। वहीं राममति ने बताया वार्ड में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए पंचायत के बोर से पाइप लाइन से पानी की व्यवस्था की जा रही है। इसके बावजूद पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। वार्ड में पानी का कोई अन्य स्त्रोत भी नहीं है।

### 15 वें वित्त आयोग से मिली राशि

अब निगम ने 15 वें वित्त आयोग की राशि से चिल्हाटी और देवरीखुर्द इलाके के निवासियों के लिए 4.73 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने के लिए पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा। निगम के मुताबिक 15वें वित्त आयोग के टाइड ग्रांट के अंतर्गत इस योजना के लिए स्वीकृति मिली है। ज्ञात हो कि देवरीखुर्द इलाके में, खासकर वार्ड नंबर 42 में, पानी की समस्या काफी गंभीर है, जहाँ हैंडपंप खराब हो गए हैं और लोग पेयजल के लिए परेशान हैं। विशेष रूप से शहीद चंद्रशेखर आजाद नगर और बरखदान इलाके में, पानी की समस्या विकराल रूप ले रही है। इसके साथ ही वार्ड नंबर 43 बंशीलाल धृतलहरे नगर खैरमाता और वार्ड नंबर 47 पंडित में भी बोर सूखने की समस्या है, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

### घुरू, खमतराई, बहतराई के लिए तीन करोड़

निगम में शामिल नए क्षेत्र घुरू, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडिह, कोनी एवं सकरी में भी पेयजल की समस्या है। इससे निपटने के लिए करीब तीन करोड़ का टेंडर किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक 15 वें वित्त आयोग टाइड ग्रांट जल प्रबंधन अंतर्गत कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मद के तहत सभी कार्य किए जाएंगे। जल प्रबंधन कार्य के तहत नए क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के साथ ही पानी टंकी बनाई जाएगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा कार्ययोजना तैयार की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक निगम में शामिल नए क्षेत्रों में पानी की बड़ी योजना पर काम होने से एक बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

## रेड एंबुलेंस से मरीज के परिजन हुए परेशान, एजेंसी ने सुधार के लिए भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेड एम्बुलेंस सर्विस के खटारा वाहन के कारण रिफर मरीज को रायपुर लेकर जाने में हुई लापरवाही उजागर होने के बाद एजेंसी अब सुधार कार्य करवा रही है। दरअसल रेड एम्बुलेंस सर्विस अपोलो में एम्बुलेंस की सेवा दी जा रही है, कंपनी का अपोलो के साथ कॉन्ट्रैक्ट है जिसके अनुसार सभी एंबुलेंस वाहनों के रखरखाव ,पेट्रोल एवं संचालन की समस्त जिम्मेदारी रेड हेल्थ या रेड एम्बुलेंस की है तथा एंबुलेंस वाहनों के संचालन, रखरखाव में अपोलो प्रबंधन का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं है।

■ संचालन में अपोलो प्रबंधन का कोई हस्तक्षेप नहीं

गुरूवार को ब्रेन हेमरेज के मरीज को अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर से रायपुर ले जाने के दौरान रेड एंबुलेंस द्वारा उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस दो बार बिगड़ी। इस वजह से मरीज व परिजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस मामले के बाद रेड हेल्थ कंपनी ने एम्बुलेंस मरम्मत के लिए एजेंसी भेजवा दिया है, वहीं कंपनी के सुपरवाइजर के अनुसार रिफर के दौरान कम्यूनिकेशन गैप की वजह से दिक्कतें आई हैं, दरअसल मरीज के परिजन असमंजस में थे, जिसकी वजह से मरीज को रिफर करने में देरी हुई। इसी दौरान एम्बुलेंस को फ्यूल भराने के लिए पेट्रोल पंप भेज दिया,परिजनों ने दोबारा एम्बुलेंस की मांग की, इसलिए आनन फानन में रेड हेल्थ द्वारा दूसरी एम्बुलेंस दी गई, लेकिन वाहन में उपकरण सही ढंग से काम नहीं कर पाया। इसी दौरान मरीज के परिजनों ने निजी एम्बुलेंस भी बुला लिया और मरीज को उसमें ले जाने की बात की गई, जिसके कारण विलंब हुआ, आखिरकार रेड एंबुलेंस की जिस एम्बुलेंस में मरीज को ले जाया गया वह भी सीपत चौक के पास दुर्भाग्य से बिगड़ गई, तथा रेड एम्बुलेंस सर्विस ने दोबारा एम्बुलेंस भेजकर मरीज को रायपुर पहुंचाया था।

### कैट ने मंडी शुल्क समाप्त करने सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** कैट सचिव हीरानंद जयसिंह और महामंत्री आशीष अग्रवाल ने बताया की वर्तमान में मंडी टैक्स, कल्याण शुल्क आदि मिलाकर जो मंडी टैक्स लिया जा रहा है वह लगभग 1.75% है, जो मंडी व्यापारियों के लिए बहुत अधिक है। जबकि पूर्व में मंडी टैक्स 0.50 % था जो वर्तमान में तीन गुना से भी अधिक है। तीन गुना से अधिक मंडी टैक्स बढ़ने से मंडी व्यापारियों पर टैक्स का अतिरिक्त भार पड़ रहा है। कैट सचिव हीरानंद ने कहा कि बिलासपुर कैट टीम द्वारा कृषि मंत्री राम विचार नेताम को मंडी व्यापारियों की समस्या से अवगत कराते हुए मंडी शुल्क को समाप्त अथवा पूर्व की भांति 0.50% करने ज्ञापन प्रेषित किया ।

## अवकाश के दिन जिले में हुई 300 रजिस्ट्री

**बिलासपुर।** शनिवार शासकीय अवकाश के दिन पंजीयन मुख्यालय सहित तहसीलों में स्थित उप पंजीयक कार्यालय खुले रहें और लगभग 300 रजिस्ट्री हुई है। केवल बिलासपुर पंजीयन कार्यालय में ही लगभग पौने दो सौ रजिस्ट्री हुई है। इस तरह अवकाश के दिन पंजीयन कार्यालय को एक करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है।

■ बिलासपुर पंजीयन कार्यालय में रात तक रही भीड़

पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग स्थित बिलासपुर पंजीयन कार्यालय में शनिवार को रात तक जमीन रजिस्ट्री का काम चलता रहा और तीनों उप पंजीयक के काउंटरों में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ रही। बिलासपुर पंजीयन कार्यालय में ही अवकाश के दिन लगभग पौने दो सौ रजिस्ट्री हुई है, जबकि जिले के तहसीलों में स्थित उप पंजीयक कार्यालयों को मिलाकर आज भर में लगभग 300 रजिस्ट्री हुई है। इससे पंजीयन कार्यालय को एक करोड़ रुपए से अधिक राजस्व मिला है। पंजीयन कार्यालय खुले होने से कंपोजिट बिल्डिंग परिसर स्थित स्टांप वेंडर, मुंशी दस्तावेज लेखक, फोटो कापी आदि सारे दुकान भी खुली रही और परिसर में काफी चहल-पहल रही। रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ के चलते टाउनहाल की पार्किंग भी गाड़ियों से फुल रही। पंजीयन कार्यालय के बगल वाली रोड में भी गाड़ियां खड़ी रहीं। रजिस्ट्री कराने आए क्रेता-विक्रेता, गवाहों की भीड़ पंजीयन कार्यालय भीतर और बाहर परिसर में लगी रही। काफी सारे लोग पंजीयन कार्यालय के वेटिंग हाल में अपना अपाईमेंट आने का इंतजार करते बैठे रहे। वित्तीय वर्ष के समाप्ति को देखते हुए शासन ने पंजीयन कार्यालय इस सप्ताह अवकाश के दिन भी खुले रखने और पंजीयन कार्य सुचारू रखने कहा है।



### फाइनल आंकड़ा आना बाकी

अवकाश के दिन शनिवार को पंजीयन कार्यालय सहित सारे उप पंजीयक कार्यालय भी खुले रहे। जिले में आज लगभग 300 रजिस्ट्री हुई है और अभी फाइनल आंकड़ा आना बाकी है। रात तक पंजीयन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री का कार्य चल रहा था जिसके चलते भीड़ रही।

-**राजीव स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

## 4 सूने मकानों का टूटा ताला, लाखों के जेवर व नकद पार

**बिलासपुर।** एक बार फिर चोरों ने आसमा सिटी में आतंक मचाते हुए चार सूने मकानों का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम पार कर दिया। चोरी की वारदात से कालोनीवासी दहशत में आ गए हैं।

■ फिर सकरी आसमा सिटी फेस 2 में हुई वारदात

सकरी पुलिस के अनुसार, आसमा सिटी फेस 2 निवासी सत्येन्द्र त्रिपाठी 24 मार्च को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर जयसिंह नगर मध्यप्रदेश चले गए थे। 28 मार्च को कालोनी के लोगों ने उन्हें फोन कर जानकारी दी उनके घर में चोरी हो गई है। उन्होंने अपने साले विपिन पाठक को अपने घर भेजा तो ताला टूटा मिला और अंदर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और आलमारी तोड़ दी गई थी। लाकर से सोने का मंगलसूत्र, टाप्स, एक सोने की मंजरी, लाकेट, चांदी के पायल बिछिया व गुल्लक में रखा 10 हजार रुपए चोरी कर ली गई।



वह मकान जहां चोरी हुई।

श्री त्रिपाठी ने बताया, उनके घर से चोरों ने 3 लाख का सामान चोरी कर लिया है। दूसरी घटना में आसमा सिटी फेस 2 मकान नम्बर एजे 209 निवासी शिवचरण पाल पिता कालीचरण पाल मकान के दरवाजे में ताला लगाकर बाहर गए हुए हैं। 28 मार्च को पड़ोसी ने उन्हें फोन घर में चोरी होने की जानकारी दी। उनके कहने पर पड़ोसी उदय सुरेश राव का घर का मुआयना कर बताया गया आलमारी से सोने की मंगलसूत्र, 9 हजार 500 रुपए की चोरी हो गई है। इसी तरह आसमा सिटी फेस 2 मकान नम्बर एजे 235 निवासी ए आनंद कुमार पिता ए सुकुमार सकरी बटालियन में आरक्षक हैं। 27 मार्च को उनकी बहन का बर्थडे था। उनकी पत्नी घर में ताला लगाकर वहां चली गईं। वे भी ड्यूटी करने के बाद वहां चले गए और रात में रूक गए थे। 28 मार्च की सुबह घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी से सोने की चेन, अंगूठी, तीन जोड़ी पायल, पांच घड़ी सहित डेढ़ लाख का सामान पार हो गया था। चौथी घटना में आसमा सिटी फेस 3 निवासी दुर्गेश यादव 25 मार्च को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित भागवत कथा कार्यक्रम में ग्वालियर चले गए थे। 28 मार्च उन्हें कालोनी के वाट्सएप ग्रुप से जानकारी हुई कालोनी के कुछ मकानों में चोरी हुई है। उनके कहने पर पड़ोसी आस्था यादव ने वीडियो कालिंग कर उनके घर का हाल दिखाया। घर के अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी से सोने का टाप्स, एक जोड़ी पायल, 50 हजार रुपए की चोरी हो गई थी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## एक्सीडेंट करने के बाद रंगदारी दिखाकर घायल व्यक्ति से 70 हजार की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक्सीडेंट करने के बाद बाइक सवार युवक ने दोस्तों को बुलाकर रंगदारी दिखाते हुए घायल व्यक्ति से 70 हजार रूपए की वसूली कर ली है। घायल युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कोटा पुलिस के अनुसार, ढेलवापुर निवासी सुरेन्द्र कुमार बिंझवार 17 फरवरी को बाइक में निजी काम से कपिसियाखुर्द जा रहे थे। ग्राम अमने के पास सामने से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 व्ही 9324 के चालक पूरन साहू ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। पूरन साहू अपने साथियों को बुला लिया। दोनों को इलाज के लिए कोटा अस्पताल लेकर गए। प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल के सामने पूरन साहू व उसके साथियों ने रंगदारी दिखाते हुए उससे 20 हजार रुपए नकद व 50 हजार रुपए फोन पे कराकर वसूली कर लिया है। पुलिस ने सुरेन्द्र कुमार बिंझवार की रिपोर्ट पर पूरन साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



■ प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोटा पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411